तापमान
अधिकतम 36.5 डिग्री
न्यूनतम 22.4 डिग्री

हरिभूमि
# रायपुर भूमि
रायपुर, गुरुवार 1 मई 2025

12 स्कूल शिक्षा विभाग में तीन हजार प्राचार्यों की पदोन्नति



16 आरडीए कालोनी बोरियाखुर्द के मकानों की जांच करने ...



# रायपुर नगर निगम में भूचाल, 8 में 5 कांग्रेसी पार्षदों ने दिया इस्तीफा, 3 बचे, नेता प्रतिपक्ष पर फिर फंसा पेंच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष को लेकर कांग्रेस में बढ़ी तकरार के कारण अब रायपुर नगर निगम में भूचाल आ गया है। कांग्रेस के 5 पार्षदों ने जिला अध्यक्ष द्वारा नेता प्रतिपक्ष के रूप में आकाश तिवारी के नाम चिट्ठी जारी करते ही पार्टी से इस्तीफा दे दिया है।

■ नगर निगम में अब कांग्रेस के 3 पार्षद शेख मुसीर, अर्जुमन ढेबर, आकाश तिवारी

## संदीप साहू ने कहा- पार्टी कर रही अनदेखी



### बैठक व्यवस्था अलग करनी होगी नेता प्रतिपक्ष रहेगा या नहीं?

*सभापति सूर्यकांत राठौर का कहना है कि कांग्रेस पार्टी से इस्तीफा दिये 5 पार्षदों के बैठने की व्यवस्था अब अलग से करनी होगी, क्योंकि सदन में 2 निर्दलीय पार्षद के बैठने की व्यवस्था पहले से अलग की गई है। 70 वार्डों वाले रायपुर नगर निगम में अब कांग्रेस पार्टी के सिर्फ 3 पार्षद ही रह गये हैं। सभापति सूर्यकांत राठौर ने कहा कि सदन में कांग्रेस के 3 पार्षद रहने के बाद नेता प्रतिपक्ष का पद रहेगा या नहीं, इस पर वे जानकारों से विचार-विमर्श करने के बाद ही निर्णय ले पाएंगे।*

इस्तीफा देने वालों में नेता प्रतिपक्ष संदीप साहू, उपनेता जयश्री नायक, रेणु-जयंत साहू, दीप-मनीराम साहू, रोणिता-प्रकाश जगत शामिल हैं। ऐसे में नगर निगम में अब कांग्रेस के 3 पार्षद ही बाकी हैं, इनमें खुद आकाश तिवारी, अर्जुमन ढेबर और शेख मुसीर शामिल हैं। वहीं नगर निगम सभापति सूर्यकांत राठौर का कहना है कि यह गंभीर चिंता का विषय है, कांग्रेस के 3 पार्षद रहने के बाद नेता प्रतिपक्ष की व्यवस्था रहेगी या नहीं, इस पर जानकारों से मंत्रणा के बाद ही निर्णय होगा। नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष ▶▶|शेष पेज 16 पर

## खबर संक्षेप

### पांच केंद्रीय, जिला जेल के अधीक्षक बदले गए

**रायपुर।** शासन के निर्देश पर जेल प्रशासन ने दो केंद्रीय तथा दो जिला जेल के अधीक्षक सहित तीन जिला जेल अधीक्षकों का ट्रांसफर आदेश जारी किया है। रायपुर केंद्रीय जेल के अधीक्षक अमित शांडिल्य का स्थानांतरण डीआईजी जेल मुख्यालय किया गया है। अमित की जगह योगेश सिंह क्षत्रिय रायपुर केंद्रीय जेल के नए सुपरिंटेंडेंट बनाए गए हैं। अक्षय सिंह राजपूत का स्थानांतरण राजनांदगांव से अंबिकापुर किया गया है। उत्तम कुमार पटेल राजनांदगांव जेल अधीक्षक बनाए गए हैं।

### आपसी रंजिश पर हत्या की कोशिश, सात वर्ष कैद



**रायपुर।** तेलीबांधा थाना क्षेत्र में एक वर्ष पूर्व आपसी रंजिश पर युवक की हत्या की कोशिश करने के आरोप में अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार सिंह ठाकुर ने एक युवक को सात वर्ष कैद की सजा सुनाई है। घटना में शामिल एक अन्य युवक को कोर्ट ने दोषमुक्त कर दिया है। लोक अभियोजक बसंत गोड़ के मुताबिक कोर्ट ने जय नेताम पर जानलेवा हमला करने के आरोप में रोशन मरकाम को कैद की सजा सुनाई है। रोशन ने अपने एक अन्य साथी के साथ मिलकर पिछले वर्ष तीन फरवरी को जय को कैनाल रोड में बुलाकर उस पर चाकू से ताबड़तोड़ वार कर घायल कर दिया था।

### आपसी रंजिश के चलते चाकू से हमला

**रायपुर।** देवेंद्र नगर में एक युवक ने एक अन्य युवक के खिलाफ आपसी रंजिश पर उस पर चाकू से कई वार कर हत्या की कोशिश करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। गुमता तांडी ने गणेश यादव के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। गुमता ने पुलिस को बताया है कि वह मंगलवार को अपने मामा के लड़के के साथ मामी से मिलने घर जा रहा था। इस दौरान गुमता गणेश की मां के पैर छूने के लिए दोपहिया से नीचे उतरा, इस दौरान गणेश ने गुमता के साथ गाली-गलौज करते हुए उस पर चाकू से हमला कर दिया।

### स्कूल में चोरी



**रायपुर।** धरसीवां थाने में एक स्कूल के प्राचार्य ने अज्ञात के खिलाफ स्कूल में रखे इंडक्शन चूल्हा सहित अन्य 10 हजार रुपए कीमत का सामान चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। परसतराई स्थित दाउ पोषण लाल चंद्रवंशी स्कूल के प्राचार्य डॉक्टर पीलाराम साहू ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। स्कूल प्राचार्य ने पुलिस को बताया है कि अज्ञात चोर स्कूल गेट का ताला तोड़कर प्राचार्य कक्ष में घुसा और चोरी की।

## माना के सिविल अस्पताल में 6 दिनों में 68 प्रभावितों का इलाज, 4 मेकाहारा रेफर

# राजधानी से लगे टेमरी में हैजा... उल्टी-दस्त के थोक में मिले मरीज

**रोकथाम के लिए स्वास्थ्य विभाग का शिविर, जल स्त्रोत दूषित होने की आशंका**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी से लगे टेमरी गांव में डायरिया से पीड़ित एक मरीज में हैजा की पुष्टि हुई है, वहीं पिछले 6 दिन में वहां 68 लोगों उल्टी-दस्त की शिकायत हुई है। माना के सिविल अस्पताल में इलाज के बाद चार मरीजों को मेकाहारा भी शिफ्ट किया गया है। थोक में इतने मरीजों के सामने आने के बाद स्वास्थ्य विभाग में हड़कंप मचा हुआ है और शिविर लगाकर राहत का प्रयास किया जा रहा है। आशंका है कि गांव में भूमिगत जल स्त्रोत के दूषित होने की वजह से यह प्रकोप हुआ है।

छह दिन पहले टेमरी के करीब आधा दर्जन लोग उल्टी-दस्त की शिकायत लेकर माना के अस्पताल पहुंचे थे। इसके बाद लगातार मरीजों के वहां आने का दौर शुरू हो ▶▶|शेष पेज 16 पर





### हैजा के मरीज बढ़ने से इनकार नहीं

चिकित्सकों के अनुसार हैजा यानी कालरा का संक्रमण बैक्टीरियायुक्त पानी के उपयोग से होता है। इसके केस बहुत कम संख्या में मिलते हैं, मगर इसका विस्तार होने की संभावना काफी होती है। टेमरी में उल्टी-दस्त का कारण प्रदूषित पानी को बताया जा रहा, इसलिए वहां कालरा के मरीजों की संख्या बढ़ने की संभावना से इनकार नहीं किया जा रहा है, जांच के लिए और सैंपल लिए गए हैं।

### ट्यूबवेल में बैक्टीरिया की पुष्टि

ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू ने बताया कि मरीजों की संख्या धीरे-धीरे कम हो रही है फिर भी एहतियात बरती जा रही है। स्टेशन पारा के एक ट्यूबवेल में बैक्टीरिया की पुष्टि हुई है। उन्होंने बताया कि मरीजों को ध्यान में रखते हुए स्वास्थ्य विभाग का वहां शिविर लगाया गया है। साथ ही सिविल अस्पताल में मरीजों के लिए बेड की व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा कि स्थिति पर पल-पल की नजर रखी जा रही है। स्वास्थ्य के साथ प्रशासनिक अधिकारियों को भी इसे रोकने के लिए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं।

### तालाब में सीवरेज का पानी, जलस्त्रोत दूषित होने की आशंका

*सिविल अस्पताल माना के प्रभारी डा. आशीष मेश्राम ने बताया कि प्रभावित स्टेशन पारा के समीप एक तालाब है जिसमें सीवरेज का पानी जाता है। इस बात की आशंका है कि तालाब में फैला प्रदूषण भूमिगत जलस्त्रोत को प्रभावित कर चुका है। वहां के सारे बोरवेल क्लोरीन डालकर बंद करा दिया गया है। साथ ही टैंकरों के माध्यम से पानी आपूर्ति की जा रही है, मरीजों के लिए स्वास्थ्य शिविर और अस्पताल में बेड का इंतजाम किया गया है, मरीजों का आना जारी है।*

# बैशाख के महीने में कम गर्मी, 36 डिग्री पर रायपुर का पारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मौसम तंत्रिकाओं के सक्रिय होने की वजह से बैशाख के महीने में गर्मी से राहत मिल गई है। अलग-अलग हिस्से में होने वाली बारिश और सभी शहरों में छाए बादलों की वजह तापमान 30 से 36 डिग्री के बीच सिमट गया है। बुधवार को कवर्धा इलाके में बारिश के साथ ओलावृष्टि हुई, वहीं कुछ एक हिस्से में छींटे पड़े। शहर के मौसम में बड़ा बदलाव नहीं हुआ।

■ सामान्य से 5 डिग्री कम, मौसम में अभी बड़ा बदलाव नहीं

प्रदेश का मौसम बदला हुआ है और बारिश के साथ ओलावृष्टि का दौर अभी भी किसी ना किसी इलाके में जारी है। बुधवार की सुबह रायगढ़ इलाके में बारिश हुई वहीं दोपहर बाद कवर्धा के दलदली इलाके में तेज वर्षा के साथ ओले भी गिरे। रायपुर के मौसम में बड़ा बदलाव नहीं हुआ मगर छाए बादलों की वजह से दिन का अधिकतम तापमान ज्यादा नहीं चढ़ पाया और 36.5 डिग्री पर सिमट गया। वहीं जिन ▶▶|शेष पेज 16 पर

### प्रमुख शहरों का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| रायपुर | 36.5 | -4.6 |
| माना | 35.2 | -5.8 |
| बिलासपुर | 33.0 | -9.5 |
| पेंड्रा | 31.8 | -6.9 |
| अंबिकापुर | 34.5 | -4.3 |
| जगदलपुर | 32.8 | -4.9 |



## सुबह आधे घंटे बिजली बंद के लिए रहें तैयार

# नल खुलते ही आज से 15 जून तक सुबह आधा घंटा बत्ती गुल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर


खास खबर

शहर में नल खुलते ही रोज सुबह आधे घंटे तक बिजली गुल रहेगी। 1 मई से 15 जून तक यह सिलसिला जलसंकट प्रभावित क्षेत्रों में जारी रहेगा। निगम आयुक्त विश्वदीप ने पावर कंपनी से सुबह-शाम रोज आधा-आधा घंटा बिजली बंद करने की सिफारिश की। इस संबंध में उन्होंने पावर कंपनी के अधीक्षण अभियंता को चिट्ठी लिखी। वहीं शहर के आफिसर्स कालोनी और वीआईपी एरिया को बिजली बंद से मुक्त रखा गया है।

पेयजल संकट से निबटने निगम आयुक्त विश्वदीप ने पावर कंपनी से सुबह-शाम रोज आधा-आधा घंटा बिजली बंद करने की सिफारिश की थी। उनका कहना है कि गर्मी के मौसम में पेयजल की आवश्यकता में वृद्धि होने के कारण नागरिकों द्वारा टुल्लू पंप का उपयोग कर पेयजल की जरूरत पूरी की जाती है, इस वजह से अंतिम छोर में बसे घरों तक पर्याप्त प्रेशर के साथ पानी नहीं पहुंच पा रहा। सभी नागरिकों को पर्याप्त मात्रा में जल आपूर्ति सुनिश्चित करने जल प्रदाय की समय अवधि प्रातः 6:15 से 6:45 और शाम 6.15 से 6: 45 तक विद्युत सप्लाई बंद रखना उचित होगा।

■ आयुक्त ने बिजली बंद की सिफारिश की

■ विद्युत पावर कंपनी के अधीक्षण अभियंता को भेजा पत्र



### इन इलाकों में रहेगा पावर सप्लाई बंद

मोचीपारा, सूर्या नगर, डबरापारा, बुनियाद नगर भनपुरी, विजयनगर, सतनामी पारा, बंधवा तालाब पार, केबिनपारा, रामेश्वरनगर, दीनदयाल नगर, आकाश गैस गोडाउन का क्षेत्र, संत कबीर दास वार्ड, यतियतन लाल वार्ड, बंजारी माता वार्ड, नेताजी कन्हैयालाल बाजारी वार्ड, नगर पट्टी शिवानंद नगर, वीर शिवाजी वार्ड, ठक्कर बापा वार्ड, बाल गंगाधर तिलक वार्ड, शंकरनगर वार्ड, मदर टेरेसा वार्ड, ब्राम्हणपारा वार्ड, डॉ. विपिन बिहारी सूर वार्ड, महंत लक्ष्मीनारायण दास वार्ड, आदर्श नगर, महेश कालोनी, पुराना श्रीनगर क्षेत्र, दीक्षा नगर, तुलसीनगर, पावर्ती नगर, प्रेमनगर गुढ़ियारी, शिवानंद नगर सेक्टर 3 व 4, अशोक नगर, उपरवारा, हनुमान नगर, दुर्गा नगर, गंगा नगर, ▶▶| शेष पेज 16 पर

### सुबह के समय रहेगी विद्युत कटौती

1 मई से 15 जून तक जलप्रदाय के समय निगम आयुक्त की अनुशंसा पर जलसंकट प्रभावित क्षेत्रों में सुबह 6.15 से 6.45 तक विद्युत आपूर्ति बंद रहेगी। शाम के समय जलप्रदाय के दौरान विद्युत आपूर्ति यथावत रहेगी।

- **महावीर विश्वकर्मा**, अधीक्षण अभियंता, सर्किल 1 रायपुर

ॐ भावपूर्ण श्रद्धांजली ॐ



स्वर्गीय श्री मुकेश कुमार साहू

अत्यंत दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है, कि हमारे मित्र श्री कन्हैया लाल साहू जी के सुपुत्र मुकेश कुमार साहू का आकस्मिक निधन दिनांक 21/04/2025 को हो गया जिनका दशगात्र दिनांक 1 मई 2025, दिन गुरूवार को रखा गया है

नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि नैनं दहति पावकः।
न चैनं क्लेदयन्त्यापो न शोषयति मारूतः।

कार्यक्रम का स्थल: मारूति मंगलम् भवन, हनुमान मंदिर, पड़ाव, गुढियारी, रायपुर
समय: शाम : 05:00 बजे से रात्रि 09:30 तक

शोकाकुलः
कन्हैया लाल साहू एवं समस्त साहू परिवार, मोबाइल : 9827404808, 9754077400

श्रद्धानवत्
नीरज शर्मा, संदीप सिंह एवं सभी मित्र गण

maa AD AGENCY
MULTICONCEPT ADVERTISING AGENCY

## नहीं थी निशुल्क उपचार योजना की हितग्राही

# आधी रात गर्भवती को हार्ट अटैक, बिना औपचारिकता एंजियोप्लास्टी कर बचाई मां और गर्भस्थ शिशु की जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

आयुष्मान अथवा निशुल्क स्वास्थ्य योजना के बारे में पूछने के बजाए हार्ट अटैक की शिकार गर्भवती महिला की एंजियोप्लास्टी करने से उसके साथ गर्भ में पल रहे शिशु की जान बच गई। महिला आधी रात गंभीर हालत में आंबेडकर अस्पताल के कार्डियोलॉजी विभाग में पहुंची थी। प्रेग्नेंसी के दौरान हार्ट अटैक के उपचार का एकमात्र विकल्प एंजियोप्लास्टी था।

चालीस वर्षीय महिला हाईप्रेग्नेंसी रिस्क के साथ मंगल-बुध की दरम्यानी रात हार्ट अटैक की शिकायत के साथ आंबेडकर अस्पताल पहुंची थी। उसकी स्थिति को देखते हुए मौजूदा डाक्टरों ने एंजियोग्राफी



की, तो पता चला कि हृदय की मुख्य नस में 100 फीसदी ब्लाकेज है। महिला की स्थिति गंभीर थी, इसलिए चिकित्सकों ने आयुष्मान योजना का कार्ड अथवा अन्य किसी प्रकार की औपचारिकताओं को पूरा करने में समय गंवाने ▶▶|शेष पेज 16 पर

### पैंक्रियाज के बड़े ट्यूमर की डीकेएस में सफल सर्जरी

*पेट दर्द की असहनीय पीड़ा के साथ डीकेएस अस्पताल में पहुंची 18 साल की किशोरी का जटिल ऑपरेशन कर बड़ा ट्यूमर निकाला गया। गैस्ट्रो सर्जरी विभाग के विभागाध्यक्ष डा. आशीष गोयनका ने किशोरी की जांच की, तो पैंक्रियाज से जुड़े बड़े ट्यूमर का पता चला था, जिसने तिल्ली की नसों को भी जकड़ा हुआ था। समस्या* ▶▶|शेष पेज 16 पर



## खबर संक्षेप

### केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र आज आएंगे

**रायपुर।** वक्फ संशोधित अधिनियम 2025 के संबंध में मुस्लिम समाज एवं अन्य समाज बुद्धिजीवी वर्ग का जनजागरण हेतु परिचर्चा रखी गई है। परिचर्चा में हिस्सा लेने गुरुवार को केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेंद्र प्रसाद राज्य के दौरे पर आ रहे हैं। स्व. अटल बिहारी वाजपेयी, मेडिकल कॉलेज सभागृह ऑडिटोरियम, जेल रोड में होने वाले कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. जितेंद्र सिंह, मंत्री, प्रधानमंत्री कार्यालय, केन्द्रीय विज्ञान एवं तकनीकी स्वतंत्र प्रभार होंगे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण विकास विभाग के मंत्री राम विचार नेताम मौजूद रहेंगे।

### पूर्व मंत्री सिंह के निधन पर कांग्रेस की श्रद्धांजलि

**रायपुर।** सक्ति रियासत के राजा एवं अविभाजित मध्यप्रदेश के पूर्व कैबिनेट मंत्री राजा सुरेन्द्र बहादुर सिंह के निधन पर गहरा दुख व्यक्त करते हुये प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा कि ईश्वर उन्हें अपने चरणों में स्थान दे तथा इस दुख की घड़ी में परिवारजनों को सहनशक्ति एवं पुण्य आत्मा को शांति प्रदान करे।

### रीना को खाद्य, यशवंत बने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी

**रायपुर।** राज्य शासन ने चार आईएएस अधिकारियों का तबादले आदेश जारी किया है। सामान्य प्रशासन द्वारा जारी आदेश में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ को सचिव खाद्य के पद पर पदस्थ किया गया है। उनके स्थान पर यशवंत कुमार मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ बनाया गया है। कंगाले के पदभार ग्रहण करने पर एसीएस ऋचा शर्मा खाद्य विभाग के अतिरिक्त प्रभार से मुक्त होंगी। वहीं अन्बलगन पी. सचिव खाद्य के प्रभार से मुक्त होंगे। एस प्रकाश सचिव परिवहन को वर्तमान प्रभार के अलावा सचिव संसदीय कार्य विभाग का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

# स्कूल शिक्षा विभाग में तीन हजार प्राचार्यों की पदोन्नति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ दस वर्षों के लंबे अंतराल के बाद पदोन्नति

स्कूल शिक्षा विभाग के ई संवर्ग के 1524 एवं टी संवर्ग के 1401 इस तरह कुल 2925 प्राचार्य के पदों पर स्कूल शिक्षा एवं आदिम जाति कल्याण विभाग के व्याख्याता नियमित,व्याख्याता एल बी तथा प्रधान पाठक माध्यमिक विद्यालय को पदोन्नति प्रदान कर प्राचार्य बनाया गया है।

पदोन्नति आदेश में कहा है कि पदस्थापना आदेश पृथक से जारी किए जाएंगे। इसके अतिरिक्त सभी वर्गों में 25 प्रतिशत पदों की प्रतिक्षा सूची भी बनाई गई है, ताकि सेवा निवृत होने वाले प्राचार्यों से रिक्त पद को भरा जा सके। शिक्षा सत्रांत 30 अप्रैल के दिन में पदोन्नति आदेश जारी कर प्रदेश के मुख्य मंत्री एवं स्कूल शिक्षा विभाग के भारसाधक मंत्री विष्णुदेव साय ने शिक्षकों को सौगात दी है। छत्तीसगढ़ प्राचार्य पदोन्नति फोरम के संयोजक अनिल शुक्ला एवं राकेश शर्मा ने संयुक्त रूप से कहा है कि प्रदेश में आदिम जाति




कल्याण विभाग में वर्ष 2013 एवं स्कूल शिक्षा विभाग में वर्ष 2016 में अंतिम बार पदोन्नति हुई थी। विगत दस वर्षों से प्राचार्य की पदोन्नति स्कूल शिक्षा विभाग तथा शिक्षक संगठनों के लिए चुनौती बन गया था। इसके लिए प्रदेश के चार शिक्षक संगठनों ने मिलकर छत्तीसगढ़ प्राचार्य/व्याख्याता पदोन्नति फोरम का गठन कर आंदोलन किया। 17 दिसंबर को इंद्रावती एवं महानदी भवन में प्रदर्शन कर शासन को 30 जनवरी तक प्राचार्य पदोन्नति का अल्टीमेटम दिया था। प्राचार्य पदोन्नति के लिए मुख्य मंत्री,विधानसभा अध्यक्ष,मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव,सचिव , स्कूल शिक्षा सचिव ,संचालक लोक शिक्षण से संपर्क कर प्राचार्य पदोन्नति के प्रस्ताव डीपीसी हेतु लोक सेवा आयोग को प्रेषित करवाया।

#### आभार व्यक्त किया

साथ ही पदोन्नति फोरम के पदाधिकारी छत्तीसगढ़ पीएससी के अध्यक्ष से मिलकर शीघ्र डीपीसी करने अनुरोध किया। प्राचार्य पदोन्नति फोरम की ओर से अलग अलग अधिवक्ता के माध्यम से चार केस में इंटर विनर पिटीशन लगा कर न्यायालय में अपना पक्ष रखा गया है। प्राचार्य के पदोन्नति आदेश जारी होने पर प्राचार्य पदोन्नति फोरम के अनिल शुक्ला,राकेश शर्मा,आर के झा,श्याम कुमार वर्मा,एवं मलखम वर्मा ने मुख्य मंत्री ,विधान सभा अध्यक्ष, अध्यक्ष लोक सेवा आयोग,मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव, स्कूल शिक्षा सचिव प्रति आभार व्यक्त किया है।

# अवैध घुसपैठियों की जांच को लेकर शिवसेना ने दिया ज्ञापन

**रायपुर।** पिछले दिनों हुई घटना को लेकर पूरे देश में आक्रोश है जिसे देखते हुए यहां अवैध रूप से बसे घुसपैठियों की पहचान को लेकर शिवसेना मिडिया प्रभारी मोहम्मद आकिब के नेतृत्व में जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा गया।

ज्ञापन के माध्यम से कहा कि यहां पर भी अवैध घुसपैठिये जो बिरगांव, उरला तथा चौरसिया कालोनी, मोती नगर, बीएसपी कालोनी है जहां कई संवेदनशील एरिया है जिसकी जांच कर वापस भेजने की मांग की गई। इसमें मुख्य रूप से शिवसेना के कृष्णा यादव, राधा रमन, संतान रात्रे, विक्की निर्मलकर, अशोक, भावेश आदि उपस्थित थे।







# छत्तीसगढ़ में रहने वाले पाकिस्तानी हिंदू अल्पसंख्यकों को मिली राहत

## शर्मा ने कहा- सीएए के तहत पा सकेंगे नागरिकता

■ फिलहाल राज्य में रहने की दी गई अनुमति



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद केंद्र सरकार ने देश में मौजूद पाकिस्तानी नागरिकों (अलग-अलग वीजा रखने वालों) को देश छोड़ने का निर्देश दिया था। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने इस बीच एक महत्वपूर्ण बयान देते हुए कहा, राज्य में रहने वाले पाकिस्तानी हिंदू अल्पसंख्यकों को नागरिकता संशोधन अधिनियम (सीएए) के तहत भारत की नागरिकता दी जा सकेगी। उप मुख्यमंत्री ने बताया कि जो पाकिस्तानी अल्पसंख्यक छत्तीसगढ़ में रह रहे हैं, उन्हें फिलहाल राज्य में रहने की अनुमति दी गई है।

उन्होंने कहा, वे केंद्र सरकार के नागरिकता संशोधन अधिनियम 2019 के अंतर्गत नागरिकता के लिए आवेदन कर सकते हैं। सरकार इस मुद्दे को संवेदनशीलता और मानवीय दृष्टिकोण से देख रही है। हम इस प्रक्रिया में उनकी हरसंभव मदद करेंगे। पाकिस्तानी हिंदुओं के एक समूह ने शुक्रवार को उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा से मुलाकात कर अपनी परेशानियां बताकर मदद की गुहार लगाई थी।

#### पाकिस्तानी नागरिक बोले- हुआ गलत व्यवहार

जम्मू कश्मीर में हुए आतंकी हमले के बाद राजधानी रायपुर पहुंचे पाकिस्तान के नागरिकों ने केंद्र और छत्तीसगढ़ सरकार का आभार जताया है कि उन्हें देश में रहने की इजाजत दी गई है। पाकिस्तानी नागरिकों ने बताया कि पाकिस्तान में उनके साथ गलत व्यवहार और प्रताड़ित किया जाता था, इसके चलते वह पाकिस्तान में नहीं रहना चाहते। अपना बाकी जीवन भारत में शांतिपूर्ण तरीके से बिताना चाहते हैं। उप मुख्यमंत्री के बयान के बाद पाकिस्तानी नागरिकों ने उन्हें धन्यवाद दिया और इस फैसले के बाद पाकिस्तानी नागरिकों के चेहरे पर खुशी दिखाई दी।

#### केंद्र के आदेश को राज्य कैसे संशोधन करेगी : धनेंद्र



पाकिस्तानी हिंदुओं को वापस भेजे जाने पर राहत के मामले में पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष धनेंद्र साहू ने कहा, केंद्र सरकार ने पाकिस्तानी नागरिकों को भेजने कहा है। राज्य सरकार केंद्र के आदेश को कैसे संशोधित करेगी। कैसे साबित होगा कि कोई नागरिक पाकिस्तान में प्रताड़ित है। सिर्फ मजहब के आधार पर कैसे रहने दिया जा सकता है।

### दो ग्राम पंचायत सचिव निलंबित

**रायपुर।** जिला पंचायत रायपुर के सीईओ कुमार बिश्वरंजन ने दो ग्राम पंचायत सचिव को निलंबित कर दिया है। इनमें एक जनपद पंचायत अभनपुर के ग्राम तर्री और दूसरा ठेलकाबांधा ग्राम पंचायत सचिव है। दोनों सचिवों के खिलाफ लगातार शिकायत मिल रही थी कि वे कार्यालय की बैठक में निरंतर अनुपस्थित रहते हैं तथा उच्च कार्यालय के आदेशों का पालन नहीं कर अवहेलना करते हैं। साथ ही सुशासन तिहार कार्यों में भी रुचि नहीं ले रहे हैं। इन सभी शिकायतों के आधार पर जिला पंचायत सीईओ ने दोनों ग्राम पंचायत सचिव को निलंबित कर दिया है। जनपद पंचायत अभनपुर में सुशासन तिहार में ग्राम तर्री और ग्राम ठेलकाबांधा के ग्राम वासियों ने अपने-अपने ग्राम पंचायत सचिव के खिलाफ शिकायत की थी। जिला पंचायत सीईओ ने इन शिकायतों की जांच कराई, जिसमें सभी शिकायतें सही पाई गई। इसके बाद सीईओ ने कार्रवाई करते हुए तर्री ग्राम पंचायत सचिव अखिल कुमार साहू एवं ठेलकाबांधा ग्राम पंचायत सचिव रामसुंदर यादव को कार्यालय बैठक में निरंतर अनुपस्थित रहने, कार्य में रुचि नहीं लेने, उच्च कार्यालय के आदेशों की अवहेलना करने तथा शासन के महत्वपूर्ण कार्यक्रम सुशासन तिहार के कार्यों में रुचि नहीं लेने पर निलंबित किया है।






श्रीमती मीनल चौबे
महापौर, नगर निगम रायपुर
जीवेत शरदः शतम्
01 मई
आदरणीय बड़े भैय्या
एवं मार्गदर्शक
मा. बृजमोहन अग्रवाल जी
(सांसद- लोकसभा रायपुर)
को जन्मदिन की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
श्रीमती ममता सोनू तिवारी
पार्षद-भक्त माता कर्मा वार्ड, वार्ड क्र. 67 नगर निगम रायपुर
आपका अपना
सोनू तिवारी
विनीत : समस्त वार्डवासी भक्त माता कर्मा वार्ड, वार्ड क्र. 67 रायपुर

## खबर संक्षेप

### सशिमं सिलयारी का परीक्षा परिणाम घोषित

**सिलयारी।** आदर्श सेवा शिक्षा समिति द्वारा संचालित सरस्वती शिशु मंदिर सिलयारी में सत्र 2024 - 25 का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। जिसमें विद्यालय का परीक्षा परिणाम उत्कृष्ट रहा। भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा में कक्षा नवम की बहिन गुंजन साहू ब्लॉक स्तर मे तृतीय स्थान प्राप्त की है। विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष श्री केमन सिन्हा एवं विद्यालय के प्राचार्य श्री आलोक दत्ता ने सभी उत्तीर्ण भैया बहनों की उज्जवल भविष्य की कामनाओं के शुभकामना दिए।

### बैठक में लंबे समय से अनुपस्थित रहने वाले दो सचिव निलंबित

**अभनपुर।** विकासखंड अभनपुर के ग्राम पंचायत तर्री अखिल कुमार साहू एवं ग्राम पंचायत ठेलकाबांधा रामसुंदर यादव को कार्यालयीन बैठक में निरतंर अनुपस्थित रहने व पंचायत के कार्यों में रूचि नहीं लेने तथा उच्च कार्यालयों के आदेशों के अवहेलना करने एवं शासन के महत्वपूर्ण कार्यक्रम सुशासन त्यौहार के कार्यो में भी रूचि नहीं लेने इस घोर लापरवाही के कारण मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत अभनपुर के प्रस्ताव अनुसार छग पंचायत सेवा (आचरण ) नियम 1998 के तहत इन दोनों सचिवों को मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत रायपुर द्वारा तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलबंन अवधि में दोनों पंचायत सचिवों को मुख्यालय जनपद पंचायत अभनपुर में नियत किया गया है।

### महाराष्ट्र मंडल का ऑनलाइन बाल संस्कार शिविर आज से

**रायपुर।** महाराष्ट्र मंडल एक मई, गुरुवार से ऑनलाइन बाल संस्कार शिविर शुरू होने जा रहा है। हर हफ्ते सोमवार से शुक्रवार तक प्रतिदिन आठ से नौ बजे तक चलने वाले इस शिविर में शामिल होने के लिए अभी तक 15 वर्ष की आयु वर्ग के करीब 125 बच्चों ने पंजीयन करा लिया है। शिविर में पांच गुरु मंजुषा मरकले, डॉ. दीपाली अलोणी, डॉ. अलकनंदा नारद, डॉ. मंजुषा वैशंपायन और चारुशीला देव 25- 25 बच्चों के पांच समूह को प्रार्थना, स्तुति, श्लोक, हनुमान चालीसा, राम रक्षा स्त्रोत, भगवद गीता, विष्णु सहस्त्र नाम, बुद्धिवर्धक खेल, शिक्षाप्रद कहानियां और योग का प्रशिक्षण देंगी।शिविर की आयोजक आध्यात्मिक समिति की समन्वयक आस्था अभय काले ने बताया कि जब शिविर का मूल उद्देश्य ही बच्चों को संस्कार देना है, तो शिविर के शुरू से ही सभी बच्चे सुबह स्नान करने के बाद भारतीय परिधान में घर के मंदिर में दीया लगाएंगे।

### पारिवारिक प्रवचन माला 2 सेगुरु भगवंतों का मंगल प्रवेश कल

**रायपुर।** न्यू राजेंद्र नगर स्थित वर्धमान मंदिर में विशेष पारिवारिक प्रवचन श्रृंखला का आयोजन किया गया है। इसी कड़ी में परम पूज्य उपाध्याय भगवंत श्री महेन्द्र सागर जी म.सा., परम पूज्य उपाध्याय भगवंत श्री मनीष सागर जी म.सा., एवं परम पूज्या साध्वी श्री हंस कीर्ति जी म.सा. आदि ठाणा-3 का 2 मई को मंगल प्रवेश होगा।

# नन्हे हाथों ने कराई गुड्डा-गुड़िया की शाही शादी घर में बने मंडप, मोहल्लों में बांटी खुशियां

**रायपुर।** इस खास शादी के लिए बाकायदा शादी के कार्ड बनाए गए थे, जिन्हें बच्चों ने पूरे मोहल्ले में घूम-घूमकर बांटा और सभी को न्योता दिया। रस्में भी एकदम पारंपरिक अंदाज़ में निभाई गईं हल्दी, मेहंदी, मायन, देवतला, और चुलमाटी से लेकर शादी और विदाई तक का हर पल भावनाओं और मस्ती से भरा रहा।शादी के बाद रात में हुई मोहल्ले की दावत ने इस बचपन की बारात को यादगार बना दिया। मोहल्ले के बड़े-बुज़ुर्ग भी इस आयोजन में शामिल हुए और बच्चों की कल्पनाशीलता व उत्साह को जमकर सराहा। शहर के आमापारा, तात्यापारा, सरस्वती नगर, संतोषी नगर, टिकरापारा, राम नगर, भाठागांव, गुढ़ियारी, डगनियां जैसे स्थानों पर अक्ती तिहार का विशेष आयोजन किया गया।



### देवी मंदिरों से निकली चुलमाटी

यादव मौहल्ला में नन्हे बच्चों की टोली गुड्डा-गुड़ियों का विवाह कराया। शहर के अनेक देवी मंदिरों में चुलमाटी रस्म को पूरा किया गया। इस दौरान छोटे बच्चे बाजा-गाजा के साथ पहुंचे। जिन्होंने नाच-गाना के साथ धूम मचाते हुए, अक्षय तृतीया के पर्व को यादगार बनाया।

अक्षय तृतीय की शाम टिकरापारा के नंदी चौक में गुड्डा-गुड़िया की शादी का अनोखा नजारा देखने को मिले, जिसने हर किसी के चेहरे पर मुस्कान बिखेर दी। बच्चों ने अपने खेल को परंपरा और उत्सव से जोड़ते हुए गुड्डा-गुड़िया की भव्य शादी रचाई। यह शादी पूरी तरह से रिवाजों और रंगों से भरी एक शाही शादी थी। एक दिन मोहल्ले के घर को शादी के मंडप में तब्दील कर दिया गया था। रंगीन कागज़ों की झालरें, फूलों की सजावट और बच्चों की खिलखिलाती मुस्कानें माहौल को उत्सवमय बना रही थीं। दोपहर को बारात निकली, बैंड-बाजे बजे और नन्हें बाराती अपने-अपने नए कपड़ों में सजे-धजे पूरे जोश के साथ शामिल हुए।

### कृषि विश्वविद्यालय में बीज रोपण

छत्तीसगढ़ का प्रमुख कृषि पर्व अक्ती पर्व के शुभ अवसर पर इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल ने विश्वविद्यालय अनुसंधान प्रक्षेत्र में ठाकुर देवता की पूजा-अर्चना कर खेती-किसानी के नये कार्यां की शुरुआत की। कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल ने अक्षय तृतीया पर ट्रेक्टर चलाकर सीड ड्रिल से धान के बीजों का रोपण किया।

### महामाया मंदिर में श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

महामाया मंदिर से सूरज कुमार फुटान ने बताया कि सुबह से देर रात तक 5 हजार से अधिक श्रद्धालु माता महामाया और समलेश्वरी देवी के दर्शन करने पहुंचे। श्रद्धालु गाजा-बाजा के साथ मंदिर परिसर दर्शन के लिए पहुंचे, जिन्होंने जल से भरा पात्र एवं सत्तु का प्रसाद भोग स्वरूप माता रानी को अर्पित किया ।



### बालाजी भगवान में लगाया चंदन का लेप

दूधाधारी मठ से राम छवि ने बताया कि अक्षय तृतीया के शुभ अवसर पर मठ में मटका पूजा किया गया। इस मौके पर भगवान बालाजी पर चंदन का लेप और सत्तु का विशेष भोग लगाया गया। अक्षय तृतीया से जैठ पूर्णिमा तक मठ में चंदन का लेप भगवान को लगाया जाएगा, ताकि ठंडक्ता बने रहे। बुधवार से लगातार दोपहर भोग में ठंडाई की व्यवस्था भी की जाएगी, जिसे 10-15 प्रकार के औषधियों से तैयार किया गया है।

# समिति की बैठक में सदस्यों ने किया नए सभापति का चयन



**हरिभूमि न्यूज ▶▶| अभनपुर**

जनपद पंचायत अभनपुर के सभापति चुनाव की प्रक्रिया सुबह 11 बजे से शाम 6 बजे तक चली सभी समितियों के सदस्य का चुनाव मतदान के द्वारा संपन्न हुआ एवं सदस्यों द्वारा समिति के सभापति का चुनाव किया गया, सभी समितियों में भाजपा पार्टी समर्थित लोगों का कब्जा रहा। अभनपुर के जनपद पंचायत के इतिहास मे पहली बार विपक्ष के लोगों को एक भी समिति में सदस्य बनने का मौका नहीं मिला। कृषि समिति में विवेक तिवारी, संचार एवं संकर्म समिति में संतराम साहू, सहकारिता एवं उद्योग समिति चंचल दीवान, महिला एवं बाल विकास हेमलता चंन्द्राकर, राजस्व समिति निशा कल्ला,स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण ब्रम्हानंद साहू, वन एवं पर्यावरण वर्षा मिश्रा, समाज कल्याण समिति राजेश्वरी धुरव,स्वच्छता समिति नंदनी खुटियारे सभापति निर्वाचित हुए है।

सभापति के चुनाव मे सभी 10 समितियों में चुनाव कराए गए कोई भी समिति में निर्विरोध सदस्य नहीं बने। कांग्रेस पार्टी के लोग सभी समितियों में सदस्य का चुनाव लड़े लेकिन कोई भी समिति में एक भी सदस्य बनने में सफल नहीं हुए। अभनपुर विधायक के नेतृत्व में भाजपा मंडल के अध्यक्ष भरत बैस, किशोर साहू, तोषण साहू, नागेन्द्र वर्मा एवं जनपद पंचायत विधायक प्रतिनिधि जितेन्द्र बंजारे, पूर्व जिला पंचायत सदस्य खेमराज कोसले, सरपंच संघ अध्यक्ष मुकेश ढीढी, सरपंच बसंत कोसले, विनोद चन्द्राकर, राजा दीवान, मनोज सोनवानी, महेन्द्र खुटियारे आदि लोगों के कुशल रणनीति के चलते जनपद पंचायत में भारी सफलता हासिल किए। सभापति निर्वाचित होने पर सभी सभापति व उनके समर्थक विधायक कार्यालय पहुंचकर विधायक इन्द्रकुमार साहू को मुलाकात कर आभार प्रकट किया एवं विधायक ने सभी सभापतियों को बधाई दिया।

# धरसींवा में हनुमान मंदिर निर्माण के लिए गृह मंत्री ने किया भूमि पूजन



**हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसींवा**

थाना के पास स्थित मुख्य मार्ग पर 75 वर्ष पूर्व बने ऐतिहासिक हनुमान

- ऐतिहासिक हनुमान मंदिर अब नए रूप में होगा निर्माण

मंदिर का अब भव्य निर्माण होने जा रहा है। इस मंदिर के पुनर्निर्माण पर लगभग दो करोड़ रुपये की लागत आएगी। हाल ही में इस भव्य मंदिर के निर्माण के लिए भूमि पूजन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस शुभ अवसर पर प्रदेश के गृह मंत्री विजय शर्मा और स्थानीय विधायक अनुज शर्मा विशेष रूप से उपस्थित थे। मंदिर समिति के सभी सदस्यों ने भी इस कार्यक्रम में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाई।

यह मंदिर क्षेत्र के लोगों की गहरी आस्था का केंद्र रहा है और अब नए स्वरूप में यह और भी भव्य और आकर्षक बनेगा, जिससे श्रद्धालुओं को और भी बेहतर अनुभव प्राप्त होगा। मंदिर समिति और स्थानीय समुदाय इस परियोजना को लेकर काफी उत्साहित हैं।



# नेवरा पुलिस ने महिला व उसके बच्चे को सुरक्षित परिजनों तक पहुंचाया

**तिल्दा नेवरा।** ग्राम गबौद थाना पलारी निवासी महिला श्रीमती निर्मला मनहरे उम्र 32 वर्ष जिसकी मानसिक स्थिति थोड़ी ठीक नहीं है जोकि अपनी लगभग 4 वर्षीय बच्ची के साथ 29 अप्रैल की सुबह किसी को बिना कुछ बताए घर से निकल गई और खरोरा से रात्रि पैदल तिल्दा की तरफ आ रही थी तभी तिल्दा खरोरा के बीच मुख्य मार्ग पर रात्रि में ही किसी ने नेवरा पुलिस को सूचना दी जहां नेवरा पुलिस रात्रि में महिला और उसके बच्चे को सुरक्षित संवेदना में रखे। पूछताछ में महिला अपना पता ठीक से बता नहीं पा रही थी कभी पलारी, कभी कसडोल तो कुछ और नाम ले रही थी, नेवरा पुलिस ने पलारी थाना संपर्क किया फिर भरी मशक्कत के बाद कोटवार के माध्यम से आज महिला के परिजनों का पता चल पाया। इधर नेवरा थाना के महिला एसआई प्रमिला नाग, महिला आरक्षक प्रज्ञा दादर शर्मा, कुमारी किरण वर्मा, कुमारी पूजा वर्मा की देख रख में महिला को रखा गया। महिला आरक्षक प्रज्ञा दादर शर्मा रातभर महिला और उसके बच्चे के साथ संवेदना कक्ष में रही। वहीं आज दोपहर लगभग 1 बजे महिला के परिजन उसकी मां और उसका भाई कार से तिल्दा नेवरा थाना पहुंचे जहां सकुशल महिला और उसके बच्चे को परिजनों के सुपुर्द किया गया।

# सशिमं तिल्दा का परीक्षा परिणाम घोषित

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा**

सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय तिल्दा (सासाहोली) में बुधवार को प्रातः 9:00 बजे कक्षा पंचम और अष्टम बोर्ड का वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित की गई। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में वार्ड क्रमांक 21 के पार्षद रानी जैन, विशेष अतिथि नगर के भाजपा महामंत्री सौरभ जैन, शाला प्रबंध समिति के कोषाध्यक्ष दिलीप वर्मा, अमरदीप पासवान, विद्यालय के प्राचार्य श्रवण कुमार साहू एवं पालकों के द्वारा मां सरस्वती, ओंकार एवं मां भारती के छायाचित्रों पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात सुकन्या दीक्षित के द्वारा शिक्षण सत्र 2024-25 का कक्षा पंचम और अष्टम बोर्ड की वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषणा की गई।कक्षा पंचम में प्रथम स्थान प्राप्त बहन मानसी निर्मलकर 90.5%, द्वितीय स्थान भैया राजा निषाद 90% एवं तृतीय स्थान में भैया स्वप्निल भारती और बहन मानवी वर्मा 87.5% अंक प्राप्त किए। इसी प्रकार कक्षा अष्टम में प्रथम स्थान बहन श्रुति भारती



94.3%, द्वितीय स्थान बहन नव्या डांडे 92.5% एवं तृतीय स्थान बहन चांदनी सोनवानी 91.1% अंक प्राप्त किए। माननीय अतिथि महोदया श्रीमती रानी सौरभ जैन के द्वारा प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले भैया बहनों को पारितोषिक भेंट कर सम्मानित किया गया एवं कक्षा में सर्वाधिक उपस्थित रहने वाले भैया बहनों को प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

उक्त अवसर पर श्रीमती रानी सौरभ जैन के द्वारा सभी भैया - बहनों को अच्छे अंक प्राप्त करने पर अभिभावकों एवं आचार्य - दीदियों को बधाई देते हुए कहा कि आगामी वर्ष भी इसी तरह अधिक से अधिक मेहनत कर अच्छे अंकों से सफलता प्राप्त करते रहे। विद्यालय समिति के कोषाध्यक्ष श्री दिलीप वर्मा के द्वारा सभी भैया - बहनों को परीक्षा में सफलता प्राप्त करने के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दिए। इस अवसर पर रानी सौरभ जैन के द्वारा सभी भैया बहनों का मुंह मीठा कराया गया और अतिथियों के द्वारा आशीर्वचन स्वरूप विद्यालय की शिक्षा एवं संस्कार युक्त वातावरण की प्रशंसा की और भविष्य में हर संभव विद्यालय का सहयोग प्रदान करने की इच्छा जाहिर की। अंत में विद्यालय के प्राचार्य जी के द्वारा सभी अतिथियों एवं अभिभावकों को आभार व्यक्त किया गया तत्पश्चात कल्याण मंत्र के साथ कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

# सशिमं माना कैंप का परीक्षा परिणाम घोषित

**रायपुर।** वार्षिक परीक्षा परिणाम 2025 माना कैंप सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय माना कैंप का स्थानीय परीक्षा परिणाम घोषित हुआ। जिसका परीक्षा परिणाम 28 अप्रैल को सुबह 9:00 बजे कक्षा अरुण से कक्षा एकादश तक वार्षिक परीक्षा परिणाम सर्वप्रथम मुख्य अतिथि बाबुल साहा व्यवस्थापक विशेष अतिथि रामेश्वर सिंह साहू प्रधानाचार्य अध्यक्षता विद्यालय के प्राचार्य नरेश यादव के द्वारा मां सरस्वती ओम भारत माता के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर घोषित किया गया। कक्षा अरुण में प्रथम स्थान भैया अंश रंजन, द्वितीय स्थान पर परी राजवंशी, तृतीय दर्पिता साहा, कक्षा उदय में प्रथम स्थान भैया मिथिलेश यादव, द्वितीय स्थान भैया जय शील, तृतीय स्थान भैया थानेंद्र पाल कक्षा प्रथम में प्रथम स्थान बहन परिधि धनकर रही। 61 भैया बहन थे जिसमें प्रवीण्य 1 प्रथम 18 द्वितीय 18 तृतीय 10 पूरक 20 अनुत्तीर्ण 17 इस प्रकार कक्षा एकादश का 68.85% रहा। इस प्रकार परीक्षा में कुल दर्ज संख्या 675 जिसमें 664 सम्मिलित हुए। विद्यालय का उत्तीर्ण





संख्या 608 प्रतिशत 91. 56 % रहा। परीक्षा परिणाम का घोषणा विद्यालय के प्राचार्य नरेश यादव द्वारा किया गया। कक्षा अरुण से एकादश तक प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले भैया बहन को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर 250 अभिभावक बंधु भगिनी उपस्थित रहे विद्यालय के प्राचार्य श्री नरेश यादव के अनुसार नए शैक्षणिक 16-17 जून 2025 से प्रारंभ होगा। इस अवसर पर विद्यालय के सभी आचार्य बंधु भगिनी उपस्थित रहे।

# तुलसी के सिर्वे खार में लाश मिलने से सनसनी, हत्या की आशंका

**हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा**

तिल्दा नेवरा के समीपस्थ ग्राम पंचायत तुलसी के बिजली ऑफिस के पीछे सिर्वे खार में शाम एक अज्ञात युवक का शव मिला है, नेवरा पुलिस को सूचना दी गई जहां थाना प्रभारी सत्येंद्र सिंह श्याम दल बल के साथ तुरंत घटनास्थल पहुंचे। शव को देखने से प्रतीत हो रहा है कि युवक को मार कर वहीं खेत में फेंक दिया गया है। उसके चेहरे को बुरी तरह से कुचल दिया गया है। आसपास खून के धब्बे भी दिखाई दे रहा है। वहीं लाश के बगल में 2 आधार कार्ड, 1 पेन कार्ड, भी पड़ा हुआ है। देखने से लग रहा है कि युवक की हत्या के बाद शव के बगल में इसे रखा गया है। वहीं मृतक युवक के एक हाथ में टैटू बना हुआ है





जिसमें जीपी लिखा हुआ है। साथ ही एक आधार कार्ड में छोटू सरदार,एवं एक आधार कार्ड में गोविंदा पांडे लिखा हुआ है। नेवरा पुलिस ने घटनास्थल पहुंच मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। साथ ही शव की शिनाख्ति में पुलिस लगी हुई है।

## सुरों की शाम में बही भावनाओं की सरिता, हर धुन ने छू लिया दिल



**रायपुर।** पं. गुणवंत माधवलाल व्यास स्मृति संस्थान और गुनरस पिया फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में महाराष्ट्र मंडल में एक मधुर संगीत सभा का आयोजन किया गया। इस संगीतमय संध्या में सुरों की महफिल ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. नूतन के भक्तिमय भजन 'त्वमेव माता च पिता त्वमेव...' से हुई, जिसके बाद संजीव बल्लाल ने प्रसिद्ध रचना 'ऐसा प्यार कहां से लाऊं...' प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया। वाद्य यंत्रों के साथ गीतों की प्रस्तुति ने सभी का दिल जीत लिया। सभी वर्गसें के श्रोताओं ने घंटों बैठकर संगीत का लुफ्त उठाया।

**कार्नर न्यूज**

## मेट्स यूनिवर्सिटी के लॉ विभाग में मनोरंजक खेलों के साथ फेयरवेल पार्टी

# यादों भरी शाम, लॉ स्टूडेंट्स को जूनियर्स ने दी यादगार विदाई

मेट्स यूनिवर्सिटी के लॉ विभाग के जूनियर छात्रों ने अपने सीनियर्स को वीआईपी रोड स्थित होटल क्लार्क में यादगार विदाई दी।



**रायपुर।** इस खास समारोह में जूनियर्स ने सीनियर्स के कॉलेज जीवन के अंतिम पलों को खास बनाने के लिए मनोरंजक खेलों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया। सभी ने इन पलों को हंसी, मस्ती और भावनाओं के साथ खुलकर जिया। कार्यक्रम के दौरान सीनियर छात्रों ने कॉलेज में बिताए सुनहरे पलों को साझा किया और दोस्तों के साथ बिताए अनुभवों को याद कर भावुक हो उठे। विदाई समारोह खुशियों, यादों और भावनाओं से भरपूर रहा। छात्रों ने इस खास दिन को यादगार बनाने के लिए एक-दूसरे के साथ तस्वीरें भी खिंचवाईं, जो उन लम्हों को हमेशा के लिए संजो कर रखेंगी।

### ऐश्वर्या को मिला मिस्टर फेयरवेल

फेयरवेल पार्टी में ऐश्वर्या शुक्ला को मिस्टर फेयरवेल और कोमल मिश्रा को मिस फेयरवेल के खिताब से नवाजा गया। ये टाइटल उनके प्रभावशाली व्यक्तित्व, नेतृत्व क्षमता और सकारात्मक सोच के आधार पर दिए गए। कार्यक्रम के दौरान विवि के वरिष्ठों ने विद्यार्थियों को जीवन में आत्मविश्वास और सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। स्टूडेंट्स ने बताया कि फेयरवेल केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि कॉलेज जीवन की भावनात्मक यात्रा की परछाई थी। छात्रों ने साझा कहानियों, समूह चित्रों और आपसी सौहार्द से इस दिन को अविस्मरणीय बना दिया। कार्यक्रम ने 5वें वर्ष के छात्रों के जीवन में एक नए अध्याय की शुरुआत की नींव रखी।





लाइव इवेंट

## सुरों की शाम में बही भावनाओं की सरिता, हर धुन ने छू लिया दिल



**रायपुर।** पं. गुणवंत माधवलाल व्यास स्मृति संस्थान और गुनरस पिया फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में महाराष्ट्र मंडल में एक मधुर संगीत सभा का आयोजन किया गया। इस संगीतमय संध्या में सुरों की महफिल ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. नूतन के भक्तिमय भजन 'त्वमेव माता च पिता त्वमेव...' से हुई, जिसके बाद संजीव बल्लाल ने प्रसिद्ध रचना 'ऐसा प्यार कहां से लाऊं...' प्रस्तुत कर दर्शकों का मन मोह लिया। वाद्य यंत्रों के साथ गीतों की प्रस्तुति ने सभी का दिल जीत लिया। सभी वर्गसें के श्रोताओं ने घंटों बैठकर संगीत का लुफ्त उठाया।

### श्रोताओं को किया मंत्रमुग्ध

कार्यक्रम में डॉ. जावेद अली खान, मिलिंद शेष, निखिल मुकादम, जीवा तिवारी, विनोद संघानी, राहुल खानखोजे, मिलिंद कौड़ीसाव, शिरीष आठले, संदीप साठे, दीप बुंदेला, धनश्री पेंडसे, वैशाली जोशी, कावेरी व्यास, लता राव और गिरीश चिंचोलकर ने भी अपनी सुमधुर गायन प्रस्तुतियों से सभा को संगीतमय बना दिया। संस्था प्रमुख दीपक व्यास ने हारमोनियम पर और सुनील गोलानी ने तबले पर सुंदर संगत दी, वहीं दीप बुंदेला ने पेड पर प्रभावशाली संगति कर प्रस्तुतियों को जीवंत बनाया। संगीत प्रेमियों के लिए यह शाम यादगार बन गई।

सिटी इवेंट

## महाराष्ट्र मंडल का ऑनलाइन बाल संस्कार शिविर आज से

**रायपुर।** महाराष्ट्र मंडल एक मई, गुरुवार से ऑनलाइन बाल संस्कार शिविर शुरू होने जा रहा है। हर हफ्ते सोमवार से शुक्रवार तक प्रतिदिन आठ से नौ बजे तक चलने वाले इस शिविर में शामिल होने के लिए अभी तक 15 वर्ष की आयु वर्ग के करीब 125 बच्चों ने पंजीयन करा लिया है। शिविर में पांच गुरु मंजुषा मरकले, डॉ. दीपाली अलोणी, डॉ. अलकनंदा नारद, डॉ. मंजुषा वैशंपायन और चारुशीला देव 25- 25 बच्चों के पांच समूह को प्रार्थना, स्तुति, श्लोक, हनुमान चालीसा, राम रक्षा स्त्रोत, भगवद गीता, विष्णु सहस्त्र नाम, बुद्धिवर्धक खेल, शिक्षाप्रद कहानियां और योग का प्रशिक्षण देंगी।शिविर की आयोजक आध्यात्मिक समिति की समन्वयक आस्था अभय काले ने बताया कि जब शिविर का मूल उद्देश्य ही बच्चों को संस्कार देना है, तो शिविर के शुरू से ही सभी बच्चे सुबह स्नान करने के बाद भारतीय परिधान में घर के मंदिर में दीया लगाएंगे और घर के सभी बड़ों को प्रणाम करेंगे। उसके बाद ही ऑनलाइन शिविर में शामिल होंगे। आस्था ने बताया कि शिविर के सभी प्रतिभागी बच्चे-बच्चियां माथे पर तिलक अथवा बिंदिया लगाकर जमीन पर आसन बिछा कर बैठेंगे। तत्पश्चात अपने मोबाइल फोन का वीडियो ऑन रखेंगे।

### बाल संस्कार शिविर चार जून तक चलेगा

आस्था के अनुसार ऑनलाइन बाल संस्कार शिविर चार जून तक चलेगा। उसके बाद अगले एक सप्ताह तक ऑफलाइन संस्कार शिविर चौबे कॉलोनी स्थित महाराष्ट्र मंडल में लगेगा। इसमें महीने भर तक ऑनलाइन शिविर में शामिल हुए प्रतिभागी बच्चों ने क्या- क्या सीखा, कंठस्थ किया, यह देखा- परखा जाएगा। बच्चों से कुछ मामूली शाब्दिक त्रुटियां, उच्चारण में अड़चन हो भी, तो उसे सामने बिठाकर सुधारने का प्रयास किया जाएगा। शिविर के समापन पर सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र दिया जाएगा। वहीं श्रेष्ठ परफामेंस के आधार पर बच्चों को पुरस्कृत भी किया जाएगा।

## पारिवारिक प्रवचन माला 2 से गुरु भगवंतों का मंगल प्रवेश कल

**रायपुर।** न्यू राजेंद्र नगर स्थित वर्धमान मंदिर में विशेष पारिवारिक प्रवचन श्रृंखला का आयोजन किया गया है। इसी कड़ी में परम पूज्य उपाध्याय भगवंत श्री महेन्द्र सागर जी म.सा., परम पूज्य उपाध्याय भगवंत श्री मनीष सागर जी म.सा., एवं परम पूज्या साध्वी श्री हंस कीर्ति जी म.सा. आदि ठाणा-3 का 2 मई को मंगल प्रवेश होगा। श्री मेघराज बेगानी धार्मिक एवं पारमार्थिक ट्रस्ट के अध्यक्ष श्री धर्मराज बेगानी ने बताया कि गुरू भगवंतों के मंगल प्रवेश 2 मई, शुक्रवार प्रातः 7 बजे टैगोर नगर स्थित पटवा भवन से शुरू होकर वर्धमान नगर स्थित महावीर स्वामी जिनालय के लिए निकलेगी। वर्धमान नगर प्रवेश पश्चात सुबह 7.30 बजे जिन दर्शन एवं नवकारसी रहेगी और सुबह 8.30 से प्रवचन शुरू होगा। अशांत मन से... शांत जीवन की ओर विषय पर आधारित यह प्रवचन श्रृंखला 2 मई 2025 से प्रतिदिन प्रातः 8:30 बजे से 9:45 बजे तक श्री महावीर स्वामी जैन श्वेतांबर मंदिर, न्यू राजेन्द्र नगर, रायपुर में आयोजित की जाएगी। मानसिक तनाव और अशांति से ग्रस्त वर्तमान जीवनशैली में शांति और संतुलन की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए, श्री जैन श्वेतांबर मूर्ति पूजा संघ, न्यू राजेन्द्र नगर, रायपुर द्वारा एक विशेष पारिवारिक प्रवचन माला का आयोजन किया जा रहा है।



### अक्षय तृतीया पर बच्चों ने सजाई अनूठी बारात, शादी में जमकर नाचे बच्चे

# नन्हे हाथों ने कराई गुड्डा-गुड़िया की शाही शादी घर में बने मंडप, मोहल्लों में बांटी खुशियां

अक्षय तृतीय की शाम टिकरापारा के नंदी चौक में गुड्डा-गुड़िया की शादी का अनोखा नजारा देखने को मिले, जिसने हर किसी के चेहरे पर मुस्कान बिखेर दी। बच्चों ने अपने खेल को परंपरा और उत्सव से जोड़ते हुए गुड्डा-गुड़िया की भव्य शादी रचाई। यह शादी पूरी तरह से रिवाजों और रंगों से भरी एक शाही शादी थी। एक दिन मोहल्ले के घर को शादी के मंडप में तब्दील कर दिया गया था। रंगीन कागजों की झालरें, फूलों की सजावट और बच्चों की खिलखिलाती मुस्कानें माहौल को उत्सवमय बना रही थीं। दोपहर को बारात निकली, बैंड-बाजे बजे और नन्हें बाराती अपने-अपने नए कपड़ों में सजे-धजे पूरे जोश के साथ शामिल हुए।

**रायपुर।** इस खास शादी के लिए बाकायदा शादी के कार्ड बनाए गए थे, जिन्हें बच्चों ने पूरे मोहल्ले में घूम-घूमकर बांटा और सभी को न्योता दिया। रस्में भी एकदम पारंपरिक अंदाज में निभाई गईं हल्दी, मेहंदी, मायन, देवतला, और चुलमाटी से लेकर शादी और विदाई तक का हर पल भावनाओं और मस्ती से भरा रहा।शादी के बाद रात में हुई मोहल्ले की दावत ने इस बचपन की बारात को यादगार बना दिया। मोहल्ले के बड़े-बुजुर्ग भी इस आयोजन में शामिल हुए और बच्चों की कल्पनाशीलता व उत्साह को जमकर सराहा। शहर के आमापारा, तात्यापारा, सरस्वती नगर, संतोषी नगर, टिकरापारा, राम नगर, भाठागांव, गुढ़ियारी, डगनियां जैसे स्थानों पर अक्ती तिहार का विशेष आयोजन किया गया।



### देवी मंदिरों से निकली चुलमाटी

यादव मौहल्ला में नन्हे बच्चों की टोली गुड्डा-गुड़ियों का विवाह कराया। शहर के अनेक देवी मंदिरों में चुलमाटी रस्म को पूरा किया गया। इस दौरान छोटे बच्चे बाजा-गाजा के साथ पहुंचे। जिन्होंने नाच-गाना के साथ धूम मचाते हुए, अक्षय तृतीया के पर्व को यादगार बनाया।

### महामाया मंदिर में श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

महामाया मंदिर से सूरज कुमार फुटान ने बताया कि सुबह से देर रात तक 5 हजार से अधिक श्रद्धालु माता महामाया और समलेश्वरी देवी के दर्शन करने पहुंचे। श्रद्धालु गाजा-बाजा के साथ मंदिर परिसर दर्शन के लिए पहुंचे, जिन्होंने जल से भरा पात्र एवं सत्तु का प्रसाद भोग स्वरूप माता रानी को अर्प्रित किया ।



### बालाजी भगवान में लगाया चंदन का लेप

दूधाधारी मठ से राम छवि ने बताया कि अक्षय तृतीया के शुभ अवसर पर मठ में मटका पूजा किया गया। इस मौके पर भगवान बालाजी पर चंदन का लेप और सत्तु का विशेष भोग लगाया गया। अक्षय तृतीया से जैठ पूर्णिमा तक मठ में चंदन का लेप भगवान को लगाया जाएगा, ताकि ठंडक्ता बने रहे। बुधवार से लगातार दोपहर भोग में ठंडाई की व्यवस्था भी की जाएगी, जिसे 10-15 प्रकार के औषधियों से तैयार किया गया है।



### कृषि विश्वविद्यालय में बीज रोपण

छत्तीसगढ़ का प्रमुख कृषि पर्व अक्ती पर्व के शुभ अवसर पर इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल ने विश्वविद्यालय अनुसंधान प्रक्षेत्र में ठाकुर देवता की पूजा-अर्चना कर खेती-किसानी के नये कार्यां की शुरुआत की। कुलपति डॉ. गिरीश चंदेल ने अक्षय तृतीया पर ट्रेक्टर चलाकर सीड ड्रिल से धान के बीजों का रोपण किया।



### मुहूर्त में जोड़ो का विवाह

दुर्गा समिति के सदस्यों ने 20 गुड्डा-गुड़ियों के जोड़ो का सामुहिक विवाह कराया। बीते दो दिन से चुलमाटी, हल्दी, मायन, देवतला जैसे रस्म धूमधाम से मनाया गया। अंतिम दिन वर-वधु पक्ष और गुड्डा-गुड़ियों पर हल्दी लगाई गई। समिति की सदस्य बरखा निसाद ने बताया कि बीते 30-35 साल से अक्ती तिहार पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा, जिसमें सभी रस्मे विवाह के अनुकुल ही किया जाता है। देर रात शुभ मुहूर्त में जोड़ो का विवाह और टिकावन रस्म समाप्त की गई।



### रोजाना शरबत, मूंग, चना, फल का भोग

जैतु साव मठ से पुजारी सुमित तिवारी ने बताया कि बुधवार को मठ में अक्षय तृतीया पर्व मनाया गया, जिसमें महंत राजेश्री रामसुंदर दास द्वारा घड़ा पूजन किया गया है। इस अवसर पर श्री राम को हल्के व सूती वस्त्र में चंदन श्रृंगार किया गया। अक्षय तृतीया से श्री जगन्नाथ भगवान के रथ यात्रा तक प्रतिदिन भगवान को शीतला पेय शरबत, मूंग, चना, फल का भोग लगाया जायेगा।गोपाल मंदिर से पं.हरेन्द्र ने बताया कि शुभ अवसर पर श्रीकृष्ण व राधा रानी को राजभोग लगाया गया। इस दौरान चंदन व स्वेत वस्त्रों से मनमोहक श्रृंगार किया गया है। बुढ़ातालाब स्थित शीतला मंदिर के पुजारी नीरज सैनी ने बताया कि सुबह से देर रात तक 3 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने दर्शन पूजन किया, जिन्होंने माता के चरणों पर जल से भरा घड़ा और फल अर्पित किया।

*रायपुर। शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में भगवान परशुराम की जयंती धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर मंदिरों में हवन पूजन का भव्य आयोजन किया गया। भगवान परशुराम के मंदिरों में सुबह से देर रात तक भक्तों का ताता लगा रहा। इस मौके पर ब्राम्हण समाज, मंदिर एवं सामाजिक संस्थाओं द्वारा विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है। छत्तीसगढ़ प्रगतिशील ब्राह्मण समाज द्वारा छत्तीसगढ़ डंगनिया में भगवान परशुराम मंदिर में भव्य जन्मोत्सव का आयोजन किया। इस खास मौके पर मंदिर निर्माण एवं प्राण प्रतिष्ठा पर अनुष्ठान पूजन हुआ। पांच दिवसीय कार्यक्रम के पहले दिन बुधवार भगवान परशुराम मंदिर में महाआरती की गई, जिसमें सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालु मंदिर परिसर में उपस्थित रहे।*

## परशुराम जयंती पर उमड़ा श्रद्धा का सैलाब, मंदिरों में हुई विशेष पूजन-अनुष्ठान



### भगवान परशुराम की पूजा-अर्चना कर मांगा आशीर्वाद

भगवान परशुराम का जन्मोत्सव के पावन अवसर पर कान्यकुब्ज सभा-शिक्षा मंडल द्वारा बैनर बाजार स्थित आशीर्वाद भवन में बुधवार को 'पूजा-अर्चना, आरती एवं प्रसादी वितरण' का कार्यक्रम किया गया। इस कार्यक्रम में सर्वप्रथम सभी उपस्थिति पदाधिकारी एवं कार्यकारिणी सदस्यों द्वारा भगवान परशुरामजी के छायाचित्र पर माल्यापर्ण एवं पूजा-अर्चना कर आशीर्वाद मांगा। इसके बाद सभी सदस्यों द्वारा आरती व प्रसादी वितरित की गई। कार्यक्रम में पं. राजकुमार दीक्षित, संजय अवस्थी, अनुराग पाण्डेय, डॉ. अनिता शुक्ला, गिरजा शंकर दीक्षित, प्रमोद मिश्रा, संजय अवस्थी, श्रीकांत अवस्थी, रविन्द्र शुक्ल, अमित बाजपेयी, गौरव शुक्ल, इंद्र कुमार तिवारी, अभिषेक मिश्रा, प्रभात पांडे, आशीष बाजपेयी, राजेश त्रिवेदी, सत्यदेव तिवारी, डॉ. उत्कर्ष त्रिवेदी सहित बड़ी संख्या में विप्र जन उपस्थित रहें।

### जयंती उत्सव पर हवन पूजन

अखंड ब्राह्मण समाज सेवा समिति द्वारा प्रदेश कार्यालय ऊं सोसाइटी सुंदर नगर में भगवान परशुराम का जन्मोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर हवन पूजन एवं 21 बार हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। कार्यक्रम के दौरान पहलगाम में आतंकी हमले में शहीद हुए समस्त लोगों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।



### भगवान परशुराम जयंती पर बांटे प्रसादी, पेयजल भी



प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी वर्ल्ड ब्राम्हण फेडरेशन युवा विंग अध्यक्ष अविनय दुबे और उनकी टीम द्वारा भगवान परशुरामजी के जन्मोत्सव पर रायपुर के ह्रदय स्थल जय स्तम्भ चौक में बुधवार को प्रसादी एवं शीतल पेयजल वितरण किया गया। यह कार्यक्रम में पूर्व महापौर प्रमोद दुबे और शहर कांग्रेस अध्यक्ष गिरीश दुबे के मुख्य आतिथ्य में हुआ। इस अवसर पर अरविंद ओझा, गुण निधि मिश्रा, पंकज मिश्रा, अमित शर्मा, अभिषेक त्रिपाठी स्वप्निल शर्मा, सुयश शर्मा, रवि शर्मा, नितिन शर्मा सहित विप्र जन उपस्थित थे।

### जन्मोत्सव में भजन संध्या का आयोजन



सर्व ब्राह्मण समाज की ओर से भगवान परशुराम जयंती पर प्राण प्रतिष्ठा की गई, इस मौके पर सुबह 8 बजे से मंत्रोच्चार के साथ पूजा अर्चना की शुरूआत की गई। वही देर शाम को लल्लू महाराज और अंशु महाराज द्वारा भव्य भजन संध्या का आयोजन किया गया।

### आज आएंगे आचार्य पंडित युवराज पाण्डेय



डंगनिया स्थित परशुराम मंदिर में गुरूवार को भगवान परशुराम कथा का आयोजन किया गया है। इस मौके पर कथावाचक के रूप में आचार्य पंडित युवराज पाण्डेय उपस्थित रहेंगे, जो संध्या 7 बजे कथा प्रारंभ करेंगे। 2 मई को पंडवानी का भव्य आयोजन रखा गया, जिसकी प्रस्तुति बालोद से दुष्यंत द्विवेदी व साथी द्वारा दी जाएगी। 3 मई को भव्य संगीत संध्या में मशहुर गायक अनुराग शर्मा शामिल होंगे। अंतिम दिन रविवार को विराट हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसमें पद्मश्री डॉ सुरेंद्र दुबे,पदमलोचन शर्मा,किशोर तिवारी, निशा आनंद तिवारी, सुनील पाण्डेय जैसे कवि शामिल होंगे।

### मेट्स यूनिवर्सिटी के लॉ विभाग में मनोरंजक खेलों के साथ फेयरवेल पार्टी

## यादों भरी शाम, लॉ स्टूडेंट्स को जूनियर्स ने दी यादगार विदाई

कार्नर न्यूज

मेट्स यूनिवर्सिटी के लॉ विभाग के जूनियर छात्रों ने अपने सीनियर्स को वीआईपी रोड स्थित होटल क्लार्क में यादगार विदाई दी।



**रायपुर।** इस खास समारोह में जूनियर्स ने सीनियर्स के कॉलेज जीवन के अंतिम पलों को खास बनाने के लिए मनोरंजक खेलों और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया। सभी ने इन पलों को हंसी, मस्ती और भावनाओं के साथ खुलकर जिया। कार्यक्रम के दौरान सीनियर छात्रों ने कॉलेज में बिताए सुनहरे पलों को साझा किया और दोस्तों के साथ बिताए अनुभवों को याद कर भावुक हो उठे। विदाई समारोह खुशियों, यादों और भावनाओं से भरपूर रहा। छात्रों ने इस खास दिन को यादगार बनाने के लिए एक-दूसरे के साथ तस्वीरें भी खिंचवाईं, जो उन लम्हों को हमेशा के लिए संजो कर रखेंगी।

### ऐश्वर्या को मिला मिस्टर फेयरवेल



फेयरवेल पार्टी में ऐश्वर्या शुक्ला को मिस्टर फेयरवेल और कोमल मिश्रा को मिस फेयरवेल के खिताब से नवाजा गया। ये टाइटल उनके प्रभावशाली व्यक्तित्व, नेतृत्व क्षमता और सकारात्मक सोच के आधार पर दिए गए। कार्यक्रम के दौरान विवि के वरिष्ठों ने विद्यार्थियों को जीवन में आत्मविश्वास और सकारात्मक दृष्टिकोण के साथ आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। स्टूडेंट्स ने बताया कि फेयरवेल केवल एक आयोजन नहीं, बल्कि कॉलेज जीवन की भावनात्मक यात्रा की परछाई थी। छात्रों ने साझा कहानियों, समूह चित्रों और आपसी सौहार्द से इस दिन को अविस्मरणीय बना दिया। कार्यक्रम ने 5वें वर्ष के छात्रों के जीवन में एक नए अध्याय की शुरुआत की नींव रखी।


जीवेत शरदः शतम्
हम सबके मार्ग दर्शक, छत्तीसगढ़ के अजय योद्धा
सांसद-रायपुर लोकसभा एवं पूर्व केबिनेट मंत्री (छ.ग. शासन)
आदरणीय श्री बृजमोहन अग्रवाल जी
1 मई
आप दीर्घायु हो, शतायु हो...
जन्मदिन की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
श्याम सुंदर अग्रवाल
मंडल प्रभारी-भाजपा पुरानी बस्ती मंडल रायपुर
रामकृष्ण धीवर
अध्यक्ष-छ.ग. मत्स्य महासंघ
बृजेश पाण्डेय
प्रदेश सहसंयोजक-भाजपा विधि प्रकोष्ठ
सालिक सिंह ठाकुर
पूर्व मंडल अध्यक्ष-भाजपा पुरानी बस्ती मंडल रायपुर
चंद्रपाल धनगर
पूर्व पार्षद - वार्ड 63, टिकरापारा
आशीष धनगर
मंडल महामंत्री-भाजपा पुरानी बस्ती मंडल रायपुर
अभिषेक तिवारी
मंडल अध्यक्ष-भाजपा भाठागांव मंडल रायपुर
प्रमोद साहू
पार्षद - वार्ड 63, टिकरापारा
केदार धनगर
मंडल अध्यक्ष-भाजपा पुरानी बस्ती मंडल रायपुर
मुकेश यदु
मंडल महामंत्री-भाजयुमो पुरानी बस्ती मंडल
अभिमन्यु धनगर (मन्नू)
भाजपा पुरानी बस्ती मंडल रायपुर
महेश पाल
रायपुर (छत्तीसगढ़)
आयुष धनगर
युवा नेता-भाजयुमो पुरानी बस्ती मंडल
श्लोक शर्मा
युवा नेता-भाजयुमो पुरानी बस्ती मंडल
अभिषेक गुप्ता
रायपुर (छत्तीसगढ़)
राज गायकवाड
अध्यक्ष - भाजयुमो पुरानी बस्ती मंडल
विनीत : भाजपा पुरानी बस्ती मंडल रायपुर

# सुनील सोनी ने निगम अधिकारियों की ली बैठक, विकास का नया मैप तैयार करने दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर दक्षिण विधायक सुनील सोनी ने बुधवार को दक्षिण विधानसभा अंतर्गत नगर निगम के अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में श्री सोनी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि विकास का नया मैप तैयार करें। एक बड़े लक्ष्य के साथ सभी मिलकर आगे बढ़ें। उन्होंने सप्ताहभर के पहले शहर के लांग टर्म विजन के साथ-साथ रायपुर दक्षिण विधानसभा अंतर्गत नए प्रस्ताव प्रेषित करने की हिदायत दी। बैठक में महापौर मीनल चौबे, निगम आयुक्त विश्वदीप समेत जोन अध्यक्ष, जोन आयुक्त और अधिकारी उपस्थित रहे।

- महापौर मीनल चौबे निगम आयुक्त विश्वदीप सहित जोन अध्यक्ष जोन आयुक्त रहे उपस्थित

## जर्जर और किराये के आंगनबाड़ी केंद्रों की मांगी जानकारी



### किसी भी वार्ड में पीने के पानी की समस्या नहीं होनी चाहिए

जनता को तकलीफ न हो, अधिकारी इस बात का विशेष ध्यान रखें। किसी भी वार्ड में पीने के पानी की समस्या नहीं होनी चाहिए। सभी वार्डों में पेयजल की नियमित आपूर्ति के साथ टंकियों में जल भराव की निगरानी करने निर्देश दिये। सुनील सोनी ने सांसद निधि, विधायक निधि सहित पार्षदों द्वारा दिये जाने वाले विकास कार्यों के प्रस्ताव की भी समीक्षा की। बैठक में जल विभाग अध्यक्ष संतोष साहू, जोन अध्यक्ष मुरली शर्मा, बद्री प्रसाद गुप्ता, सचिन मेघानी, अंबर अग्रवाल, मुख्य अभियंता यूके धलेंद्र, अपर आयुक्त विनोद पांडे, पंकज शर्मा, अधीक्षण अभियंता राजेश राठौर, संजय बागड़े, उप संचालक योजना एवं सांख्यिकी प्राची मिश्रा, जोन 4 आयुक्त अरूण ध्रुव, जोन 6 आयुक्त हितेंद्र यादव, जोन 10 आयुक्त विवेकानंद दुबे सहित स्मार्टसिटी तथा सीएसईबी के अधिकारी शामिल हुए।

विधायक सुनील सोनी ने निगम के अधिकारियों से जर्जर और किराये के आंगनबाड़ी केंद्रों की जानकारी मांगी है। झुग्गी बस्तियों के विस्थापन पूर्व आवास निर्माण किये जाने, पीएमश्री स्कूल, नये भवन, अधूरे कार्यों के साथ नये अन्य कार्य के संबंध में जानकारी मंगाई है। निगम अमले को श्री सोनी ने कहा कि सड़क पर उतर कर थोड़ा पसीना बहाएं।

## खबर संक्षेप

### जोरा मॉल और कृषि कॉलेज के पास बीआरटी बसों का स्टॉपेज शुरू

रायपुर। रायपुर राजधानी का सबसे बड़ा विशालकाय जोरा मॉल भी शुरू हो जाने से इस क्षेत्र में जनता जनार्दन की यात्राएं सर्वाधिक होगी। राज्यपाल छत्तीसगढ़ राज्य की अनुशंसा, कलेक्टर रायपुर की प्रभावी पहल और न्यू रायपुर डेवलपमेंट अथॉरिटी के सुप्रयासों से बीआरटी वातानुकूलित बसों का स्टॉपेज विगत दिनों से शुरू हो गया है ऐसी अच्छी सुविधा उपलब्ध होने से इस क्षेत्र की जनता में हर्ष की लहर व्याप्त है। निकट भविष्य में एनआरडीए द्वारा इसका अच्छा खासा शेल्टर भी निर्मित कर दिया जाएगा। गौरतलब है कि राज्यपाल छत्तीसगढ़ राज्य से जोरा क्षेत्र की श्री साईं दर्शन आवासीय समिति साईं नगर के पूर्व अध्यक्ष डॉ देवेंद्र कुमार सूर्यवंशी के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल मिलकर अनुरोध किया था कि छत्तीसगढ़ राज्य का एकमात्र इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय मुख्यालय भी इसी क्षेत्र में विशालकाय आकार में फैला हुआ है जहां पर बड़ी संख्या में देश-प्रदेश के विद्यार्थियों, कृषि वैज्ञानिकों और कर्मचारियों की रोजाना आवाजाही बनी रहती है।

## निधन

### नाथूराम साहू

रायपुर। बसंत विहार निवासी



नाथूराम साहू का 30 अप्रैल को निधन हो गया। वे डिगेश्वर साहू, भास्कर साहू के पिता और साहिल, बिट्टू आयन के दादा थे।

# आरडीए कालोनी बोरियाखुर्द के मकानों की जांच करने पहुंची विभाग की टीम

गरीबों के लिए बनाए गए फ्लैट में ज्यादातर किराए पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

गरीबों को रहने के लिए कम कीमत पर छत मिल सके, इसके लिए आरडीए ने बोरियाखुर्द सहित कई क्षेत्रों में मकान बनवाए हैं। गरीबों के लिए जो मकान बनाए गए हैं, उनमें से ज्यादातर मकान के मालिकों ने अपने मकान किराए पर दे दिए हैं। नियम के अनुसार ईडब्लूएस मकान को किराए पर देने का नियम नहीं है। किराए पर मकान दिए जाने की पुष्टि होने पर आबंटन रद्द करने का नियम है। आरडीए की टीम बुधवार को बोरियाखुर्द स्थित आरडीए कालोनी की जांच करने पहुंची।



बोरियाखुर्द स्थित आरडीए कालोनी की जांच करने पहुंची।

### कार्रवाई की जाएगी

आरडीए के ईडब्लूएस मकान में जो किराए पर या जबरन बेजा कब्जा कर रह रहे हैं, उनको बेदखल किया जाएगा। मकान किराए पर देने वालों के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।

*- नंदे साहू, अध्यक्ष, रायपुर विकास प्राधिकरण*

**इस वजह से भी जांच**

अवैध तरीके से बांग्लादेश तथा पाकिस्तान से आकर रह रहे लोगों की पहचान करने पुलिस के साथ अन्य विभाग की टीम पड़ताल कर रही है। बोरियाखुर्द सहित कई इलाकों में बड़ी संख्या में पश्चिम बंगाल, बिहार तथा उत्तरप्रदेश के लोग आकर रह रहे हैं। इसके लिए पुलिस ने अभियान चलाकर दूसरे प्रदेश से आकर रह रहे नागरिकों की पड़ताल की थी। उनके आधार कार्ड सहित अन्य दस्तावेजों की जांच की थी।

### ईओडब्लूएस के मकानों में जबरन कब्जा

आरडीए के अफसरों को जानकारी मिली है, उसके मुताबिक आरडीए द्वारा बनाए गए गरीबों के लिए सस्ते आवास जिनका अब तक आबंटन नहीं हो पाया है, उनमें से कई जगह के फ्लैट में लोग ताला तोड़कर जबरन कब्जा कर रहे हैं। इसके साथ ही कई ऐसे लोग हैं जिन्होंने मकान आबंटित होने के बाद मकान का अब तक शुल्क जमा नहीं किया है। ऐसे लोगों की पहचान कर उन्हें बेदखल करने आरडीए के साथ राजस्व विभाग की टीम पुलिस की मदद से कार्रवाई करने करने की तैयारी कर रही है।

# अमूल ने बढ़ाए दूध के दाम, आज से लागू होगी नई कीमत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अमूल और मदर डेयरी ने छत्तीसगढ़ सहित पूरे देश में दूध के दाम बढ़ा दिए हैं, जो 30 अप्रैल से लागू हो गए हैं। अमूल ने 2 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी की घोषणा की है, जो 1 मई से प्रभावी होगी। मदर डेयरी ने भी 2 रुपये प्रति लीटर की वृद्धि की है।

अमूल ने अपने दूध उत्पादों के दाम में 2 रुपये प्रति लीटर की बढ़ोतरी की है, जो 1 मई से लागू होगी। यह मूल्य वृद्धि अलग-अलग अमूल मिल्क पर लागू होगी। मदर डेयरी ने भी दूध के दाम 2 रुपये प्रति लीटर बढ़ा दिए हैं, जो 30 अप्रैल से लागू हो गए हैं। मदर डेयरी के टोकन मिल्क के दाम दो रुपए प्रति लीटर तक बढ़ गए हैं। वहीं डबल टोन्ड मिल्क के दाम तीन रुपए प्रति लीटर बढ़ गए हैं। अमूल द्वारा दाम बढ़ाने का असर छत्तीसगढ़ में भी देखने को मिलेगा, क्योंकि राज्य में अमूल दूध की खपत अन्य ब्रांड की तुलना में ज्यादा बताई जाती है। राज्य में गाया डेयरी ने भी प्रति लीटर 2 रुपए दर बढ़ाने का निर्णय लिया है। लिहाजा राज्य में भी कल से लोगों को दूध के लिए प्रति लीटर दो रुपए ज्यादा देने पड़ सकते हैं।



### प्रसंस्करण लागत में वृद्धि

मूल्य वृद्धि के बारे में अमूल व मदर डेयरी की ओर से बताया गया है कि जलवायु परिवर्तन के कारण दूधारु पशुओं के चारे की कीमतों में वृद्धि देखने को मिल रही है। कंपनी की ओर से कहा गया है कि चारे की कीमत बढ़ने से दुग्ध उत्पादकों को भी ज्यादा भुगतान करना पड़ रहा है।

### देवभोग और एबीज भी बढ़ाएगा रेट

छत्तीसगढ़ में सहकारी क्षेत्र की दूध डेयरी देवभोग, एबीज और वचन ने अपने उत्पाद के दर अभी नहीं बढ़ाए हैं। माना जा रहा है कि एक-दो दिनों में इनके उत्पाद के दरों में वृद्धि हो सकती है।

## पेज 11 के शेष ...

### रायपुर नगर निगम ....

को लेकर चल रहे घमासान के बीच कांग्रेस पार्टी ने पार्षद आकाश तिवारी को नगर निगम का नया नेता प्रतिपक्ष बना दिया है। पार्टी के जिलाध्यक्ष गिरीश दुबे ने बुधवार शाम आकाश तिवारी को निगम का नेता प्रतिपक्ष बनाने चिट्ठी जारी कर दी। इस फैसले के विरोध में संदीप साहू सहित 5 कांग्रेसी पार्षदों ने प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज को अपना इस्तीफा सौंप दिया है। संदीप साहू ने कहा कि यह निर्वाचित पार्षदों की सरासर उपेक्षा है। इसके विरोध में उनके साथ 5 कांग्रेसी पार्षदों ने प्रदेश अध्यक्ष को इस्तीफा सौंप दिया है।

### राजधानी से लगे ....

गया। सूचना मिलने पर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों में हड़कंप मच गया और आनन-फानन वहां शिविर लगाकर लोगों की जांच शुरू हुई। स्टेशन पारा में थोक में उल्टी-दस्त प्रभावितों का पता चला। जिनकी हालत खराब हो रही थी, उन्हें इलाज के लिए माना के सिविल अस्पताल भेजा गया और जो बेहद कमजोर हो गए थे, उन्हें आंबेडकर अस्पताल रेफर किया गया। सबसे गंभीर बात सालों बाद राजधानी से सटे गांव में हैजा के मरीज की पुष्टि हुई। उल्टी-दस्त की वजह से बेहद कमजोर हो चुकी 35 साल की महिला के सैंपल जांच के लिए हमर लैब भेजा गया था, जिसमें उसे हैजा होने की पुष्टि हुई है। अधिकारी इस बात से इनकार कर रहे हैं कि उल्टी-दस्त के साथ गांव में हैजा भी फैला हुआ है। हालांकि आशंका के आधार पर और भी सैंपल हैजा जांच के लिए भेजा गया है। **सिविल अस्पताल में दर्जनभर भर्ती :** सिविल अस्पताल माना में अभी भी उल्टी-दस्त की शिकायत की शिकायत लेकर ओपीडी में टेमरी के मरीज पहुंच रहे हैं। वहां इलाज के लिए अभी भी दर्जनभर लोग भर्ती हैं और बाकी लोगों की हालत में सुधार होने के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई है। स्वास्थ्य विभाग वहां लगातार शिविर लगाए हुए है और हर घर में जाकर पीड़ितों के बारे में जानकारी ले रहस है। इसके अलावा वहां शिविर लगाकर जांच की जा रही है और घरों में दवा का वितरण किया जा रहा है।

### बैशाख के महीने ....

इलाकों में बारिश की गतिविधि जारी है वहां का पारा काफी नीचे जा चुका है और वहां बैशाख के महीने में ठंड का अहसास हो रहा है। मौसम विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञों के अनुसार उत्तर दक्षिण द्रोणिका दक्षिण पश्चिम राजस्थान से उत्तर केरल तक अभी भी स्थित है इसलिए अगले पांच दिनों तक मौसम में बड़ा बदलाव होने की उम्मीद नहीं है।

### इन इलाकों में ....

न्यू शांतिनगर, खम्हारडीह, श्याम नगर, सिविल लाइन जय काली चौक बलदाई गली, धोबीपारा सामुदायिक भवन, पंचपथ पारा चौक, सारथी चौक, मठपारा, कुम्हारपारा, आदर्श नगर के पास, मठपारा में बजरंग चौक, ढीमर पारा, गभरापारा, झुमुकलाल महोबिया स्कूल के पास, हनुमान नगर चंद्रशेखर नगर, करण नगर, पीएसटी सिटी नगर, जोन 5 भक्त कर्मा माता वार्ड, वामनराव लाखे वार्ड, डॉ. खूबचंद बघेल वार्ड, मोरेश्वर राव गद्रे वार्ड, शहीद चंद्रशेखर आजाद वार्ड, शहीद ब्रिगेडियर उस्मान वार्ड, महामाया मंदिर वार्ड, शहीद मनमोहन सिंह बक्शी वार्ड, सरदार वल्लभ भाई पटेल वार्ड, शहीद चूड़ामणि नायक वार्ड, डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम वार्ड, रामकृष्ण परमहंस वार्ड, माधवराव सप्रे वार्ड, कुशाभाऊ ठाकरे वार्ड, डॉ. भीमराव अंबेडकर वार्ड, लाल बहादुर शास्त्री वार्ड, श्रीराम नगर, शिवनगर का पूरा क्षेत्र, संतोषी नगर क्षेत्र, मठपुरैना क्षेत्र, संजय नगर , महंत तालाब इलाका, ज्योति नगर, आम बगीचा क्षेत्र, गोपाल नगर गली नंबर 1,2, गोकुल नगर गली नंबर 5, खपरा भट्ठी, भीमनगर, संकल्प वाटिका क्षेत्र, बगीचा क्षेत्र, छोटा अशोक नगर, बड़ा अशोक नगर, विकास नगर, सांईनाथ कालोनी, छोटा भवानी नगर, सत्यम विहार कालोनी क्षेत्र में गली नंबर 1 से 5 तक, यादव शिवाजी नगर, द्वारिका विहार, दया नगर, दुबे कालोनी, कांपा बस्ती, ब्रम्हदेव नगर, सूरज नगर शामिल है।

### आधी रात गर्भवती....

के बजाए उसकी एंजियोप्लास्टी की। सही समय पर इलाज मिलने से उसकी जान तो बच गई, साथ ही गर्भ में पल रहे बच्चे का जीवन भी सुरक्षित हो गया। एंजियोप्लास्टी के बाद महिला को डाक्टरों की निगरानी में रखा गया है। चिकित्सकों ने बताया कि हाई रिस्क प्रेग्नेंसी और पीवी ब्लीडिंग के साथ मरीज एनीमिक थी। उसका हीमोग्लोबिन 6 से 7 ग्राम के आसपास था। पहले दो अबार्शन हो चुके थे और यह तीसरी प्रेग्नेंसी थी। मरीज इसके साथ ही इनफर्टिलिटी का उपचार भी ले रही थी और पूर्व में अपेंडेक्टोमी हुआ था। जब अस्पताल लाया गया, तो उसकी छाती के दाहिने हिस्से में दर्द हो रहा था। वह छह घंटे के दर्द में आयी थी। कार्डियोलॉजी विभागाध्यक्ष डा. स्मित श्रीवास्तव, स्त्री एवं प्रसूति रोग विभागाध्यक्ष डा. ज्योति जायसवाल के निर्देशन में डॉ. एसके शर्मा, डॉ. कुणाल ओस्तवाल, डॉ. प्रतीक गुप्ता, डॉ. रजत पांडे, यूनिट इंचार्ज डॉ. रूचि किशोर गुप्ता, डॉ. निशा वट्टी, डॉ. सौम्या, एनेस्थेटिस्ट डॉ. शालू, स्टॉफ नर्स डिगेन्द्र एवं मुक्ता ने मरीज को हार्ट अटैक सहित अन्य समस्या से बचाने में प्रमुख भूमिका निभाई।

### पैंक्रियाज के बड़े ट्यूमर की ....

से पीड़ित किशोरी को परिजन पहले एक निजी अस्पताल ले गए थे, जहां ट्यूमर की जानकारी होने के बाद उसे डीके अस्पताल रेफर कर दिया गया था। डा. गोयनका ने एनेस्थीसिया विभाग डॉ भावना, एसआर डॉ समृद्धि अग्रवाल नर्सिंग स्टाफ उर्मिला की मदद से ऑपरेशन कर तिल्ली की नसों को बचाते हुए पूरे ट्यूमर और आधे पैंक्रियाज को निकला। सर्जरी के बाद कराई गई बायोप्सी रिपोर्ट भी अनुकूल मिली। डाक्टरों के मुताबिक इस तरह के पैंक्रियाज के ट्यूमर्स जटिल किस्म के होते हैं और उनमें कैंसर होने की आशंका 15 प्रतिशत तक होती है।

### महाराष्ट्र मंडल आज करेगा जगह-जगह मठा वितरण

रायपुर। महाराष्ट्र मंडल के विभिन्न महिला केंद्र द्वारा मजदूर दिवस पर एक मई को शहर के विभिन्न भीड़ वाले क्षेत्रों में मठा वितरण किया जाएगा। केंद्रों की ओर से एक दिन पहले ही इसकी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। मंडल की महिला प्रमुख विशाखा तोपखानेवाले ने बताया कि, वल्लभ नगर केंद्र की महिलाएं गुरुवार को सुबह 9 बजे से हनुमान मंदिर के पास टैगोर नगर चौक पर हजारों राहगीरों को मठा वितरित करेंगी। इसी तरह देवेंद्र नगर केंद्र की महिलाएं शाम चार बजे साईं बाबा मंदिर के पास मठा बांटेंगी। साथ ही शंकर नगर महिला केंद्र की सभासद शाम 4:30 बजे जया मेडिकल स्टोर्स के सामने मठा का वितरण करेंगी। विशाखा के अनुसार चौबे कॉलोनी केंद्र की महिलाओं ने चिंताहरण हनुमान मंदिर के सामने मठा वितरण कार्यक्रम को दो दिन आगे बढ़ाते हुए शनिवार को सुबह 11 बजे सुनिश्चित किया है।

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक रायपुर-11 (टिकरापारा) तहसील व जिला रायपुर**

**सीमांकन के संबंध में आम सूचना**

दिनांक 25/04/2025

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक सुरेश कुमार डगला पिता शंकरलाल डगला निवासी न्यू राजेन्द्र नगर रायपुर तहसील व जिला रायपुर द्वारा आवेदित ग्राम अमलीडीह प.ह.नं. 69 राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर-11 (टिकरापारा) स्थित भूमि खसरा नंबर 187/3, 187/5 रकबा क्रमशः 0.3630, 0.0420 हेक्टेयर का सीमांकन श्रीमान नायब तहसीलदार रायपुर के राजस्व मामला क्रमांक 202504114900079/ अ-12/ वर्ष 2024-25 रायपुर के आदेश दिनांक 17/04/2025 के परिपालन में दिनांक 08/05/2025 को समय 02.00 बजे पश्चात किया जाना है। अतः उक्त भूमि के सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो वह उक्त दिनांक/ समय तक पटवारी हल्का नंबर 69 के अमलीडीह स्थित कार्यालय में दस्तावेजों सहित स्वयं अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद के किसी दावा या आपत्ति पर मेरे द्वारा विचार किया जाना संभव नहीं होगा। अतः सूचना जानें।

**राजस्व निरीक्षक**
**रायपुर-11 (टिकरापारा)**

**न्यायालय तहसीलदार धरसीवा के न्यायालय मे**
**मामला क्रमांकः 202504111700153**
**विषयः- अ-6 अ सनः- 2024 2025**
**मामले की श्रेणी :- राजस्व**

सिलतरा (प.ह.न. 00020),
पक्षकारों का विवरण- आवेदक पक्षकार-राजेश कुमार सायतोडे,
अनावेदक पक्षकार -छ.ग. शासन,

**// ईश्तहार //**

एतद द्वारा सर्वधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक राजेश कुमार सायतोडे पिता स्व.रामेश्वर प्रसाद सायतोड निवासी ग्राम सिलतरा, तहसील धरसीवा, जिला रायपुर द्वारा अभिलेख सुधार बाबत आवेदन पत्र प्रस्तुत कर उल्लेख किया है कि ग्राम सिलतरा प.ह.न. 20 रा.नि.म.रायपुर-15 धरसीवां तहसील व जिला रायपुर में स्थित भूमि खसरा नंबर 697/1 रकबा 0.7540 हे. भूमि राजेश कुमार, खेमन्त कुमार, नील कमल, रविशंकर, सविता, प्रणिता, शिवरात्री के नाम पर द्वारा धारित की जाती है। परन्तु आनलाईन राजस्व अभिलेख में त्रुटिवश मेसर्स गोदावरी पावर एण्ड इस्पात लि. द्वारा दिनेश अग्रवाल पिता राधेश्याम अग्रवाल का नाम त्रुटिवश दर्ज हो गया है। आवेदक द्वारा आवेदित भूमि से मेसर्स गोदावरी पावर एण्ड इस्पात लि. द्वारा दिनेश अग्रवाल पिता राधेश्याम अग्रवाल का नाम विलोपित कर आवेदक एवं सहखातेदार का नाम राजस्व राजस्व अभिलेख में दर्ज किये जाने का निवेदन किया गया है

उक्त संबध में जिस किसी भी व्यकित अथवा संस्था को आपत्ति हो तो स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से इस न्यायालय में नियत तिथी दिनांक 14.05.2025 के उपस्थित होकर दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है, नियत तिथी के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर विचार नही किया जावेगा। यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 25/04/2025 को जारी किया जाता है।

मुहर

**BABULAL KURRE**
**अतिरिक्त तहसीलदार**
**उप तहसील धरसींवा**

**आम सूचना**

(मौजा रणचंडी, प.ह.नं. 17, रा.नि.मं. मंदिर हसौद, तह. आरंग, जिला रायपुर छ.ग. स्थित खसरा नंबर-199/3 रकबा 0.165 हेक्टेयर बाबत)

सर्व साधारण को सूचित हो कि मेरे पक्षकार ने विक्रेतागण (1) भगवानी राम पिता मनोहर, (2) चन्दन दास पिता-सुखेन (3) रविदास पिता-सुखेन, (4) नारायण पिता-सुखेन, (5) भारतदास पिता-सुखेन, (6) जगमोहन पिता-राम विशाल, (7) मानिकराम पिता-रामविशाल, (8) मीराबाई पिता-फेरहा राम, (9) देवेन्द्र पिता-फेरहा (10) मुनिया पिता-फेरहा, (11) देवव्रत पिता-फेरहा, (12) ईश्वरी प्रसाद पिता-फेरहा, (13) बुधारू पिता-फेरहा सभी निवासी ग्राम-दरबा, तहसील-मंदिरहसौद, जिला रायपुर छ.ग. से उनके मौजा रणचंडी, प.ह.नं. 17, रा.नि.मं. मंदिर हसौद, तह. आरंग, जिला-रायपुर छ.ग. स्थित खसरा नंबर-199/3 रकबा 0.165 हेक्टेयर को क्रय करने का पक्का सौदा कर बयाना की राशि विक्रेता को अदा कर दी गई है मात्र विक्रय पंजीयन की कार्यवाही शेष है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति, संस्था, निकाय, शासकीय, अर्धशासकीय, बैंक, साहूकार, आदि को उक्त भूमि के संबंध में किसी भी प्रकार का कोई भी उजर दावा आपत्ति आदि हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 07 दिवस के अंदर मेरे नीचे लिखे पते पर सुसंगत दस्तावेजों सहित उपस्थित होकर आपत्ति दर्ज करावें। म्याद पश्चात मेरा पक्षकार उक्त भूमि को अपने पक्ष में बैनामा पंजीयन कराने हेतु स्वतंत्र रहेगा बाद म्याद की गयी आपत्ति अवैध व शून्य मानी जावेगी।

**सो सूचना जाने ।**

रायपुर छ.ग.
दिनांक - 29/04/2025

**भवदीय**
**साहेब लाल वर्मा नीलकंठ साहू,**
**अधिवक्तागण मकान नं.-10, 11, ब्लॉक नं.-47, द्वितीयतल, हाउसिंग बोर्ड कालोनी, धरमपुरा, रायपुर छ.ग.**
**मो. नं. 99260-66979**

online Booking:-www.tripuryatra.com
12 ज्योतिर्लिंग
स्लीपर मात्र 15,500/
रिजर्वेशन कोच
04 जून, 14 जुलाई, 13 अगस्त, 10 सितंबर, 01 अक्टूबर, 29 अक्टूबर, 12 नवम्बर, 10 दिसम्बर, 17 दिसम्बर 2025 (11 दिन)
7 ज्योतिर्लिंग यात्रा
श्री द्वारिकाधीश, श्री द्वारिकापुरी, श्री शिर्डी साईं बाबा, महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग, ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग, सोमनाथ ज्योतिर्लिंग, नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, घृष्णेश्वर ज्योतिर्लिंग, त्र्यंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग, भीमाशंकर ज्योतिर्लिंग, श्री शनि सिंघनापुर
11 यात्रियों की बुकिंग पर एक यात्री निःशुल्क
राशि:-स्लीपर-15500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 30,500/- (+5%GST)
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
संपर्क करें:-7354-411411

HEALTH TOWN
K'sagar's श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
वैद्य-डॉ.पल्लवी क्षीरसागर MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ जीवन का राज)
Mob.: 9111922122, 9111912122, 0771-3558564
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)
उपलब्ध पंचकर्म • बस्ति • उत्तर बस्ति • जानु बस्ति इत्यादि।
अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभात टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 8103128515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग • सिर, मुख एवं गले का कैंसर। • ऑपरेशन द्वारा इलाज • नाक की प्लास्टिक सर्जरी • चक्कर की जाँच • एलर्जी
Dental & Cosmetic Treatments • टेढ़े मेढ़े दांतों को सीधा करना • दांतों की नसों का इलाज • दांतों की सफाई व चमकाना • दंत प्रत्यारोपण • मुंह के कम खुलने का इलाज (Hearing Aids) सुनाई मशीन
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

Education Time
MODEL ENGLISH HR. SEC. SCHOOL
"EDUCATION MAKES FUTURE BETTER"
ADMISSION OPEN
SPECIAL DISCOUNT ON ADMISSION FEES
NURSERY TO 12TH (Biology, Maths, Commerce)
Register Now at www.mesraipur.com
Civil lines, Katora Talab Road, Raipur (C.G.)
Contact : 0771-4000123, 93296-21221
Strong Academic Foundation & Personalized Attention • Spoken English & Personality Development • Safe & Reliable Transport with Surveillance • Weekly Activity-Based Learning & Skill Development • Monthly Seminars & Interactive Discussions • Scholarships for Meritorious Students (90% & Above from Other Schools)
ROYAL PUBLIC SCHOOL
Play Group Nursery Pre Primary Class I to XII (Science, Commerce, Bio Arts)
Activity-Based Learning for Pre-Primary • Creative Classrooms & Play-Based Education • Sports, Arts & Music for Holistic Growth • Safe & Nurturing Environment • Interactive Events & Competitions • Safe & Reliable Transport with Surveillance
ADMISSION OPEN NURSERY TO 12TH
Register Now at www.rpsraipur.com
SPECIAL DISCOUNT ON ADMISSION FEES
Mathpurena, Chourasiya Colony, Raipur (C.G.) Mo : 95890-85558, 93296-21221, Email : rpsraipur123@gmail.com
Contact to Add Your School - 79871-19756

रायपुर बाजार
Contact For Advertisement 79871 19756 90981 38778
पैसा चाहिए? हमारे पास आइए
(केवल बिजनेस लोन) एजेंट आमंत्रित
न्यूनतम कागजी कार्यवाही
5 हजार से 5 लाख तक बिजनेस लोन
आज लोन लीजिए 100 किस्तों में पटाइये
मोटवानी फायनेंस 93404-44755
गली नं. 03, सिंधी कालोनी, तेलीबांधा, रायपुर
मैट्रेस (गद्दा) 30% से 50% लेस | पुराना गद्दा लाये, नया ले जाये
चादरे 9x9 400 से 1000 तक | कम्बल रजाई कम्फर्ट दोहड़ | सोफा कम्बेड प्रोटेक्टर | सोफा कव्हर रुई गद्दा | टावेल तकिया | रजाई-गद्दा कव्हर
संजय रुई भंडार
निरंकारी फर्नीचर के पीछे, कांच घर गोडाउन के पास, पंडरी रायपुर
9827976266, 7987918262
दुकान एक कूलर अनेक
कूलर हाउस
आकाश जैन - 98261-64650, रतन जैन - 98271-29211
सिटी कोटवाली, नगर निगम के पास, गांधी चौक, रायपुर
Mango COMMERCIAL COOLER Sunday Open
हॉल, वर्कशॉप गोडाउन, लॉन, मैरिज हॉल, किराया भंडार के लिये
RAHUL SYNTHETICS
PREMIUM UNIFORMS
UNIFORM RANGE
School, Staff, Hostels, Corporates, Hospitals, Nursing Homes
Housekeeping, Field Staff, Workers, Workshops
All types of uniform, School, College & Security C.G. & Odisha
Shop No. 5, Mahalaxmi Cloth Market, Pandri, Raipur (C.G.)
Vinod Ahuja 9425513156 Rahul Ahuja 7879917006


1 मई
जीवेत् शरदः शतम्
मान. बृजमोहन अग्रवाल जी
सांसद - रायपुर लोकसभा
श्री ललित जैसिंघ
प्रदेश अध्यक्ष-सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया, छत्तीसगढ़ इकाई
वरिष्ठ भाजपा नेता, रायपुर के लोकप्रिय सांसद
मान. बृजमोहन अग्रवाल जी को
जन्मदिन की अनंत शुभकामनाएं
मोहन वर्ल्यानी
समाजसेवी
नरेश पंजवानी
समाजसेवी
धनेश मटलानी
समाजसेवी
रितेश वाधवा
समाजसेवी
चंदन जैसिंघ
समाजसेवी
गौतम रेलवानी
समाजसेवी
विनीत : सिंधी काउंसिल ऑफ इंडिया छत्तीसगढ़ इकाई

## खबर संक्षेप



### कान्यकुब्ज सभा का शपथ ग्रहण कार्यक्रम, दिलाई शपथ

**रायपुर।** कान्यकुब्ज सभा-शिक्षा मंडल द्वारा आशीर्वाद भवन में मंगलवार को रायपुर के नवनिर्वाचित पदाधिकारी व कार्यकारिणी सदस्यों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने मंडल के अध्यक्ष सुरेश मिश्रा, सचिव राजकुमार दीक्षित और कार्यकारिणी सदस्यों को पदभार ग्रहण कराया। इसी दौरान आशीर्वाद स्कूल के बच्चों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। इस मौके पर रविवि के कुलपति प्रो. सच्चिदानंद शुक्ला, संजय मिश्र, महापौर मीनल चौबे आदि शामिल हुए।

### 'स्वरांजलि भजन संध्या' गायकों ने सुंदर भजन गाकर सभागार को बना दिया भक्तिमय



**रायपुर।** सीनियर सिटिजन्स वेलफेयर फोरम द्वारा गत दिनों स्वरांजलि भजन संध्या का कार्यक्रम एवं फोरम की विशेष साधारण का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम सिविल लाइंस स्थित वृंदावन हॉल में किया गया। इस मौके पर मुख्य अतिथि सुप्रसिद्ध भजन गायक पद्मश्री मदन चौहान ने बहुत सुंदर कर्ण प्रिय तीन भजन प्रस्तुत कर फोरम के उपस्थित सदस्यों मंत्र मुग्ध होकर तालियां बजाकर भरपूर आनंद उठाया। साथ ही विशेष साधारण सभा में फोरम के लेखा जोखा, (2024-25) आगामी अनुमानित बजट (2025-26) को एचएन राणा कोषाध्यक्ष ने प्रस्तुत किया। फोरम अध्यक्ष प्रकाश सुरावधनीवार ने नियमावली संशोधन प्रस्ताव सदन में प्रस्तुत किया, सुझाव, चर्चा के बाद सदस्यों ने पारित किया। भजन संध्या कार्यक्रम में भजन गायक डॉ. चितरंजन कर ने सुंदर कर्ण प्रिय भजन गाकर शुरूवात की। फोरम के भजन गायक सुभाष वर्मा, मनोहर सिंह ठाकुर, किरण पिल्ले, शीलू पटनायक, कविता ढगे, घनश्याम शर्मा, राजकुमार शुक्ला ने सुंदर भजन गाकर सभागार को भक्तिमय बना दिया।

### राजधानी में शुक्रवार को मनाया जाएगा सुधांशु महाराज का जन्मोत्सव

**रायपुर।** विश्व जागृति मिशन रायपुर मंडल के तत्वाधान में सुधांशु महाराज का 70 वां जन्म महोत्सव 2 मई को मनाया जायेगा। मीडिया प्रभारी अश्विनी विग ने बताया कि इस अवसर सुबह प्रभात फेरी का आयोजन किया गया है जो साधक विजय सचदेव के निवास आनंदम वर्ल्ड सिटी, कचना रायपुर से 6:30 बज प्रारंभ होगी। प्रभात फेरी में सुधांशु महाराज के जनकल्याण की बातों का प्रचार करेंगे और साधकगण गुरु वंदना कर सदगुरू को पुष्प अर्पित करेंगे। इसी दिन शाम को 5 से 7 बजे ब्रम्हलोक आश्रम में उत्सव संध्या का आयोजन किया जाएगा। साथ ही साधकों द्वारा चरण पादुका पूजन, गुरु पूजन, गुरु वंदना और गुरु आरती की जायेगी ।



# भारतमाला प्रोजेक्ट पर बड़ा निर्णय, मुआवजा वितरण की सूची प्रकाशित होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी भारतमाला परियोजना के अंतर्गत भूमि अधिग्रहण और मुआवजा वितरण में हुए घोटाले को लेकर संभाग आयुक्त महादेव कावरे ने एक महत्वपूर्ण बैठक ली। उन्होंने कहा, परियोजना से जुड़े मुआवजा वितरण में आई अनियमितताओं की हर स्तर से जांच की जा रही है और जिन लोगों को उचित मुआवजा नहीं मिला है, उनकी शिकायतों को भी प्राथमिकता के आधार पर सुना जाएगा।

बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि भारतमाला परियोजना में अब तक जितने लोगों को मुआवजा मिला है, उसकी सूची वेबसाइट में अपडेट की जाएगी। यह सूची जिस गांव से संबंधित मामला है, वहां और कलेक्टर कार्यालय में चस्पा की जाएगी। आम नागरिक मुआवजा प्रकरणों के प्रकाशन के 15 दिन की समय सीमा में दावा-आपत्ति कर सकेंगे। हरिभूमि ने भारतमाला परियोजना में हुए गड़बड़ी को लगातार प्रमुखता से उठाया है। रायपुर संभाग के जिला कलेक्टरों की कांफ्रेंस में इस मामले में हुई गड़बड़ियों के बारे में चर्चा करने के बाद निर्णय लिया गया।

उन्होंने बताया कि 2019 से लेकर अब तक के सभी मुआवजा प्रकरणों का प्रकाशन किया जाएगा और आम नागरिक 15 दिनों की समय सीमा में दावा और आपत्ति दर्ज करा सकेंगे। यह कदम पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने की दिशा में उठाया गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यदि मुआवजा वितरण में किसी तरह की गड़बड़ी पाई जाती है या किसी व्यक्ति को कम मुआवजा दिया गया है, तो उसकी भी जांच की जाएगी। बैठक में अपर आयुक्त इफ्फत आरा, कलेक्टर धमतरी अबिनाश मिश्रा, महासमुंद कलेक्टर विनय कुमार लंगेह, गरियाबंद कलेक्टर भगवान सिंह उइके सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## भारतमाला मुआवजा घोटाले को हरिभूमि ने प्रमुखता से उठाया

### आम जनता की समस्याओं को संवेदनशीलता से सुनें

संभागायुक्त ने कहा, कलेक्टर्स केन्द्र और राज्य शासन की योजनाओं के नोडल अधिकारी होते हैं, इन सभी योजनाओं का जनता को लाभ दें। आम जनता से हमेशा मिलें और उनकी समस्याओं को संवेदनशीलता से सुनें और हरसंभव निराकरण करने का प्रयास करें। एसडीएम / तहसीलदार भी समय तय कर जनता से मिलना सुनिश्चित करें।

### दावा-आपत्ति के लिए 15 दिन



फाइल फोटो

### भू-अर्जन और शिकायतों की जानकारी ली

श्री कावरे ने 2019 से अब तक अवार्ड भू-अर्जन मामलों की जानकारी ली। उन्होंने संभाग में रायपुर एवं धमतरी जिले में चल रही भारतमाला परियोजना में शिकायतों की जांच की जानकारी ली। निर्धारित प्रपत्र में कल ही प्रकाशित करने निर्देशित किया गया, ताकि लोग 15 दिवस में दावा-आपत्ति कर सकें। संभागायुक्त ने राजस्व मामलों में मांग पत्रों के अनुपालन में देरी और लंबित रिकॉर्ड के कारणों की जानकारी मांगी।

## पेंशन के करीब 200 प्रकरण पर चर्चा, पात्र हितग्राहियों के प्रकरण मंजूर

# आरडी तिवारी स्कूल में विकास कार्य कराने एमआईसी की मंजूरी, मच्छर उन्मूलन पर चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

नगर निगम की मेयर इन काउंसिल की बैठक बुधवार को महात्मा गांधी सदन के एमआईसी कक्ष में हुई। इसमें आमापारा के पंडित रामदयाल तिवारी स्कूल में विविध कार्य करवाने के प्रस्ताव को स्वीकृति दी गयी। इसी तरह फिल्टर प्लांट के जल संयंत्र के संचालन व संधारण कार्य 1 करोड़ 75 लाख रुपये निविदा दर पर मुहर लगायी गयी। बैठक शहर के 70 वार्डों से प्राप्त गरीबों के करीब 200 प्रकरणों पर चर्चा के बाद पात्र हितग्राहियों के प्रकरण को मंजूरी दी गई।

महापौर मीनल चौबे की अध्यक्षता में एमआईसी की बैठक रखी गयी। बैठक में स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. तृप्ति पाणिग्रही से वार्डों में मच्छर उन्मूलन के लिए एंटी लार्वा और फागिंग अभियान के संबंध में जानकारी ली गयी। महापौर ने जन स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए गुणवत्ता युक्त एंटी लार्वा एवं फागिंग कराने निर्देश दिये। इसके साथ ही जल विभाग से प्राप्त प्रस्ताव में फिल्टर प्लांट के 80 एवं 150 एमएलडी संयंत्र के वार्षिक संचालन और संधारण के लिए निविदा दर 1 करोड़ 75 लाख 82 हजार की स्वीकृति दी गयी। साथ ही पंडित रामदयाल तिवारी उच्चतर माध्यमिक शाला में विविध विकास कार्य करवाने 1 करोड़ 53 लाख 92 हजार निविदा दर को मंजूरी मिली।

## फिल्टर प्लांट के जल संयंत्र वार्षिक संचालन संधारण के लिए 1 करोड़ 75 लाख की स्वीकृति




### 13 कर्मचारियों की चिकित्सा क्षतिपूर्ति राशि स्वीकृत

एमआईसी की बैठक में नगरनिगम के 13 कर्मचारियों को चिकित्सा क्षतिपूर्ति के लिए 6 लाख्या 19 हजार की स्वीकृति संबंधी प्रस्ताव पारित किया गया। निराश्रित पेंशन के 198 और परिवार सहायता के 61 नए प्रकरण स्वीकृत किये गये। बैठक में नगर निगम के सेवानिवृत्त कार्यपालन अभियंता विमल कुमार शर्मा एवं सेवानिवृत्त सहायक राजस्व निरीक्षक रोशन शर्मा को 1 वर्ष की संविदा नियुक्त देने की अनुशंसा करते हुए स्वीकृति के लिए नियम अनुसार प्रकरण नगरीय प्रशासन विकास को भेजा जाएगा। बैठक में निगम आयुक्त विश्वदीप, एमआईसी सदस्य गायत्री चंद्राकर, सुमन पांडे, संजना हियाल, डॉ. अनामिका सिंह, मनोज वर्मा, दीपक जायसवाल, अमर गिदवानी, भोलाराम साहू, संतोष साहू अवतार बागल, महेंद्र खोडियार, खेमकुमार सेन, नंद किशोर साहू , अपर आयुक्त राजेंद्र प्रसाद गुप्ता, यूएस अग्रवाल, पंकज शर्मा, विनोद पांडे, कृष्णा खटिक, सचिव सूर्यकांत श्रीवास्तव सहित निगम के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# अशोका बिरयानी सेंटर से नाबालिग रेस्क्यू, संचालक के खिलाफ एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर




■ दोनों लड़कियों की उम्र 18 वर्ष से कम होना प्रतीत हुआ

राजधानी रायपुर के डीडी नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत अग्रोहा कालोनी स्थित अशोका बिरयानी में महिला एवं बाल विकास विभाग, श्रम एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने पांच दिन पहले छापामार कार्रवाई की थी। इस दौरान बिरयानी सेंटर में कार्यरत दो लड़कियों को नाबालिग होने की आशंका पर रेस्क्यू किया था। जांच के दौरान इनमें से एक लड़की नाबालिग पाई गई, जिसके बाद इस मामले में अशोका बिरयानी के संचालक के विरुद्ध थाने में एफआईआर कराई गई है।

### सूचना पर मारा छापा

महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी शैल ठाकुर ने बताया कि 24 अप्रैल को सूचना मिली थी कि अग्रोहा कालोनी स्थित अशोका बिरयानी सेंटर में कुछ नाबालिग लड़के व लड़कियों से काम कराया जा रहा है। इस सूचना के आधार पर उनके विभाग के अधिकारी के अलावा श्रम विभाग एवं पुलिस विभाग के अधिकारियों की संयुक्त टीम को जांच करने के लिए अशोका बिरयानी सेंटर भेजा गया था। इस जांच के दौरान टीम को मौके पर दो लड़के एवं दो लड़कियां काम करते मिली। जांच के दौरान दोनों लड़के बालिग पाए गए, वहीं लड़कियों ने मौके पर अपनी आयु संबंधित कोई भी प्रमाण-पत्र नहीं दिखा पाई। दोनों लड़कियों की उम्र 18 वर्ष से कम होना प्रतीत हुआ। इसे देखकर दोनों लड़कियों को रेस्क्यू कर उन्हें बाल संरक्षण केंद्र में रखा गया। इस दौरान लड़कियों के परिजनों से संपर्क कर उनकी आयु संबंधित प्रमाण-पत्र मंगाए गए। इसमें एक लड़की की उम्र 17 वर्ष 2 माह है, वहीं दूसरी लड़की की उम्र 18 वर्ष पाई गई। जांच में यह भी पाया गया कि बिरयानी सेंटर के संचालक द्वारा नाबालिग से 12 घंटे से अधिक समय तक काम लेकर बदले उसे मेहनताना दिया जा रहा था। विभाग ने इस मामले संचालक के विरुद्ध बाल श्रमिक अधिनियम के तहत अपराध दर्ज कराया है, वहीं नाबालिग लड़की को उसके परिजनों के सुपुर्द किया है।

# चोरों ने मचाया उत्पात, देख लिया तो ईंट से सिर फोड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

■ लगातार एक सप्ताह से घर में कर रहे थे छोटी-मोटी चोरी

उरला थाना क्षेत्र के बिरगांव में एक चोर गिरोह एक मकान में लगातार एक सप्ताह तक छोटी-मोटी चोरी कर रहा था। मकान मालिक ने एक दिन चोरों को देख लिया, तो चोरों ने मकान मालिक के सिर पर ईंट से वार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। ईंट के हमले से घायल कारोबारी के सिर में 12 टांके लगे हैं।

बिरगांव, जागृति नगर निवासी सजल गर्ग ने थाने में शिकायत दर्ज कराई है कि कोई अज्ञात चोर गिरोह उसके घर में लगातार छोटी मोटी चोरी कर रहा था, जिसकी उसने पेट्रोलिंग टीम के पास मौखिक शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत दर्ज कराने के बाद पेट्रोलिंग टीम पेट्रोलिंग करने पहुंची भी, लेकिन चोरों के बारे में जानकारी नहीं जुटा पाई। मंगलवार रात कारोबारी के घर की छत के रास्ते पुनः चोरी करने की नीयत से घुस गए। किसी दूसरे के घर में सो रहे सजन के पिता ने सजन को कॉल कर जानकारी दी कि घर की छत में एक लड़का तथा लड़की चढ़े हुए हैं।

**घटना उरला थाना क्षेत्र के बिरगांव क्षेत्र की**



### घर के बाहर निकलते ही ईंट से हमला

सजल ने पुलिस को बताया कि घर के ऊपर चोर होने की जानकारी मिलते ही उसने घर से बाहर निकलकर देखा तो छत पर चढ़े लड़के ने अपने साथ आई लड़की को भगा दिया। इसके बाद नीचे खड़े चोर तथा उसके तीन अन्य साथी उसके सिर पर ईंट से वार कर मौके से फरार हो गए।

### 'ईगल प्रोजेक्ट' पर गाइनी एंडोस्कोपी कार्यशाला



**रायपुर।** पंडित जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज, रायपुर में फॉग्सी के "ईगल" प्रोजेक्ट के अंतर्गत दो दिवसीय गाइनी एंडोस्कोपी कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम आयुष्मान एंडोस्कोपी ऑपरेशन थियेटर आंबेडकर अस्पताल में संपन्न हुआ। कार्यशाला के दौरान कुल 10 विविध और दुर्लभ मामलों का सफल ऑपरेशन किया गया, जिनमें टोटल लैप्रोस्कोपिक हिस्टेरेक्टॉमी, ऐशरमैन सिंड्रोम के लिए डायग्नोस्टिक एवं थैरेप्यूटिक हिस्टेरोस्कोपी, ओवीरा सिंड्रोम का एक अत्यंत दुर्लभ मामला, डिम्बग्रंथि मरोड़ और एक्टोपिक प्रेगनेंसी जैसी स्थितियाँ शामिल थीं। ऑपरेशन और शैक्षणिक व्याख्यान मुंबई से आमंत्रित दो प्रसिद्ध गेस्ट ऑपरेटिंग सर्जन डॉ. अनुराग भाटे और डॉ. एग्बर्ट सलदान्हा द्वारा पूरा किया गया। कार्यशाला प्रसूति एवं स्त्री रोग विभागाध्यक्ष डॉ. ज्योति जायसवाल के नेतृत्व में आयोजित की गई। इसका समन्वय डॉ. रुचि किशोर और डॉ. सुप्रिया गुप्ता द्वारा किया गया। साथ ही, डॉ. उमा मिश्रा और डॉ. ऋतु जैन ने "ईगल प्रोजेक्ट" की राज्य समन्वयक के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और कार्यशाला को सफल बनाने में विशेष योगदान दिया। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. अंचला, डॉ. अर्पणा, डॉ. सुमा, डॉ. निशा, डॉ. नीलम, डॉ. शुभांगी, डॉ. शिवा और विभाग के स्नातकोत्तर छात्रों ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई।

# राहुल गांधी के दबाव में मोदी सरकार जातिगत जनगणना कराने हुई बाध्य

■ आरएसएस, भाजपाई जिसे देश को बांटने की साजिश बताते थे अब उसी हुए बाध्य- बैज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर





केंद्रीय मंत्रिमंडल द्वारा जातिगत जनगणना के निर्णय पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, हाल ही में कांग्रेस ने अपने राष्ट्रीय अधिवेशन में कांग्रेस नेता लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने देश में जातिगत जनगणना के मुद्दे को प्रमुखता से उठाया था, इसी के चलते मोदी सरकार बाध्य हुई है।

मोदी सरकार तो 2021 में होने वाली आम जनगणना को 4 साल से रोक रखा है, अंततः कांग्रेस के दबाव में जातिगत जनगणना को आगामी जनगणना में शामिल करवाने को बाध्य हुई है। पिछले तीन दशकों में अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति के अलावा अन्य पिछड़े वर्ग और सामान्य वर्ग के भी आर्थिक रूप से कमजोर नागरिकों को शिक्षा और सार्वजनिक क्षेत्र में रोज़गार में आरक्षण दिया जा चुका है। पर अभी भी हमें यह ठोस जानकारी उपलब्ध नहीं है कि वो कौन-कौन से समुदाय हैं जो आरक्षित वर्गों में आते हैं और उनकी जनसंख्या तथा असली हालात क्या हैं? सामाजिक न्याय को पूरी तरह से तभी स्थापित किया जा सकता है जब हमें इन समुदायों की जनसंख्या स्पष्ट रूप से पता हो। इसीलिए जाति की गिनती ज़रूरी है। जाति जनगणना का और एक फ़ायदा है कि यह आरक्षित समूहों के बीच आरक्षण के लाभों का समान वितरण करने में भी काम आयेगा। उन्होंने कहा, कांग्रेस पार्टी और लोकसभा के नेता प्रतिपक्ष और हम सबके नेता राहुल गांधी ने देश में जातिगत जनगणना कराने की मांग को लेकर लगातार संघर्ष किया। मोदी, शाह सहित आरएसएस और भाजपा के तमाम नेता हमारे जिस मांग को देश को बांटने की साज़िश बता रहे थे, जिस विषय में विपक्ष का उपहास उड़ाते थे, अब उसी विषय पर मोदी सरकार घुटनों पर आ गई है। हमने पहले भी कहा कि ओबीसी इस देश का सबसे बड़ा वर्ग है, बहुत अधिक विभिन्नताएं हैं, आर्थिक, सामाजिक, सांस्कृतिक तौर पर विभिन्नताएं हैं।

### देश के लिए मील का पत्थर साबित होगा- भगवानू

क्षेत्रीय राजनीतिक दल जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ जे के मुख्य प्रवक्ता अधिवक्ता भगवानू नायक ने कहा, यह फैसला सामाजिक न्याय और समावेशी विकास की दिशा में देश के लिए एक मील का पत्थर साबित होगा। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने पुरज़ोर तरीक़े से इस मुद्दे को उठाई थी और देश में जाति जनगणना की वकालत की थी। उन्होंने इस निर्णय का स्वागत करते हुए इसे देश के वंचित तबकों के उत्थान का स्वर्णिम अवसर बताया। उन्होंने कहा इस जनगणना से प्राप्त आंकड़े सरकार को एससी, एसटी, ओबीसी और अन्य वर्गों की सामाजिक-आर्थिक स्थिति का सटीक विश्लेषण करने में मदद करेंगे। यह फैसला देश के बहुसंख्यक समाज, विशेषकर अनुसूचित जाति, जनजाति और पिछड़े वर्गों के लिए न्याय का द्वार खोलेगा। यह निर्णय न केवल सामाजिक समानता को बढ़ावा देगा, बल्कि देश की राजनीतिक गतिशीलता को भी बदल देगा।

# टीबी उन्मूलन में उत्कृष्ट कार्य से राज्य का बढ़ा गौरव, सम्मानित हुए स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी

■ स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए सजग है विष्णुदेव साय की सरकार- जायसवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

टीबी उन्मूलन अभियान में उत्कृष्ट कार्यों के जरिए राष्ट्रीय स्तर राज्य का गौरव बढ़ाने वाले स्वास्थ्य कर्मचारियों का बुधवार को सम्मान किया गया है। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की सरकार स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार के लिए सजग है। टीबी उन्मूलन कार्यों में देश में पहला स्थान लाकर विभाग ने अपनी कार्यक्षमता को प्रदर्शित किया है।

मेडिकल कालेज ऑडिटोरियम में आयोजित सम्मान समारोह में स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल ने कहा कि वर्ष 2025 में भारत से टीबी उन्मूलन के लक्ष्य को हासिल करने छत्तीसगढ़ आगे बढ़ रहा है। छतीसगढ़ को पूरे देश में टीबी मुक्त ग्राम पंचायत कार्य को सबसे उत्कृष्ट तरीके से क्रियान्वित करने के लिए सम्मानित किया गया है। राज्य की 4103 ग्राम पंचायत को टीबी मुक्त घोषित किया गया है। स्वास्थ्य सचिव अमित कटारिया ने कहा कि राज्य में टीबी जैसी बीमारी के खिलाफ ये प्रगति आप जैसे जमीनी कार्यकर्ताओं के कारण ही संभव हो रही है। हमें टीबी के खिलाफ सिर्फ 100 दिनों के अभियान तक ही सीमित नहीं रहना है बल्कि साल 2025 तक इसे जड़ से खत्म करना है। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की प्रबंध संचालक डॉ. प्रियंका शुक्ला ने कहा कि हमने प्रदेश की जनता से 'टीबी मुक्त भारत' अभियान से जुड़ने के लिए 'नि-क्षय मित्र' बनने का आह्वान किया है।




■ टीबी उन्मूलन में देश में पहला स्थान लाकर विभाग ने कार्यक्षमता को दिखाया

राज्य स्तर पर दिए जा रहे सम्मान में 350 से कम पंचायत की श्रेणी में एमसीबी जिले को पहला, कोरिया को दूसरा और मोहला-मानपुर जिले को तीसरा पुरस्कार मिला। 350 से अधिक पंचायत की श्रेणी में जशपुर को पहला, सरगुजा को दूसरा और रायगढ़ को तीसरा पुरस्कार मिला।

### सौ दिन में खोजे 17 हजार टीबी मरीज

निक्षय निरामय अभियान के अंतर्गत 36 लाख से भी अधिक हाई रिस्क व्यक्तियों की स्क्रीनिंग की गई। इस दौरान लगभग 4.5 लाख लोगो की एक्सरे जांच और 1.5 लाख लोगों की टीबी की जांच उच्चतम तकनीक नाट मशीनों से की गई है। राज्य में 100 दिनों के भीतर 17 हजार टीबी के मरीज खोज कर उनका इलाज प्रारंभ किया गया। अभियान के दौरान कुल 3130 नए निक्षय मित्र पंजीकृत कर इनके सहयोग से 25 हजार से भी अधिक पोषण आहार टीबी मरीजों को प्रदान किया गया।

### एनक्यूएस में रायपुर प्रथम

रायपुर जिले को एनक्यूएस में प्रथम, टीबी मुक्त पंचायत के लिए द्वितीय, टीबी निक्षय मित्र में द्वितीय तथा नवीन पहल एमएमयू एक्स-रे में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथिलेश चौधरी, क्षय रोग नियंत्रण के जिला नोडल डा. अविनाश चतुर्वेदी, सिविल सर्जन डा. एसके भंडारी सहित जिले की टीम ने यह सम्मान प्राप्त किया।

# सिंचाई विभाग ने 15 साल बाद जारी किया नवीन एसओआर

■ मंत्री कश्यप ने किया विमोचन, कहा- निर्माण कार्यों में आएगी तेजी व पारदर्शिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर




जल संसाधन मंत्री केदार कश्यप ने नवा रायपुर स्थित नया सर्किट हाउस में नवीन दर अनुसूची-2025 (एसओआर) का विमोचन किया। उन्होंने कहा, नवीन एसओआर से जल संसाधन विभाग की सिंचाई परियोजनाओं के निर्माण में गति और पारदर्शिता आएगी और छत्तीसगढ़ राज्य जल प्रबंधन के क्षेत्र में नए मानदंड स्थापित करेगा। यह नवीन एसओआर 1 मई से प्रभावशील होगी। यहां यह उल्लेखनीय है कि छत्तीसगढ़ राज्य में जल संसाधन विभाग द्वारा 15 वर्षों के पश्चात एसओआर को निर्माण लागत, श्रमिक मजदूरी, सामग्री एवं मशीनरी के बढ़े हुए दरों को ध्यान में रखते हुए अद्यतन किया गया है।

एसओआर में दरों का निर्धारण मानक डेटा इकाई विश्लेषण पद्धति के आधार पर किया गया है, जैसा कि अन्य राज्यों जैसे मध्यप्रदेश, कर्नाटक, ओडिशा में प्रचलन में है। दर विश्लेषण में सामग्री, श्रम, मशीनरी, उपकरणों की लागत, ठेकेदार लाभ और श्रम उपकर को शामिल किया गया है। सभी निर्माण सामग्री व कार्य भारतीय मानक और विभागीय निर्देशों के अनुरूप हैं। आधुनिक तकनीकों जैसे रियल टाइम डाटा सिस्टम लिडार सर्वे, जियो-टेक्निकल व जियो-फिजिकल सर्वे को समाहित किया गया है। यह 11 अध्यायों में तैयार किया गया है जो बांध निर्माण, नहर, पाइप नेटवर्क, टनल, टेस्टिंग और रखरखाव कार्यों को कवर करता है। पहले की जटिल टेंडर प्रक्रिया की तुलना में अब अधिकांश वस्तुएं सीधे बीओक्यू में शामिल की जा सकती हैं। राज्य के विभिन्न जल संसाधनों में स्वचालित रेनगेज, वॉटर लेवल रिकॉर्डर, गेट सेंसर की स्थापना भी दर अनुसूची में शामिल है। बदलाव से ठेकेदारों की वित्तीय जोखिम में कमी आएगी, साथ ही निर्माण गुणवत्ता में भी सुधार होगा।


छ.ग. पी.डी.एस. संघ रायपुर
की ओर से
माननीय
श्री संजय श्रीवास्तव जी
को छत्तीसगढ़ राज्य नागरिक आपूर्ति निगम
के अध्यक्ष बनने पर
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
नरेश बाफना
अध्यक्ष, छ.ग. पी.डी.एस. संचालक संघ रायपुर
संजय सिंह
भाजपा नेता
राधेश्याम सेन
विनय बजाज
अभिषेक महाकालकर
प्रहल्लाद यादव
धीरेन्द्र वर्मा
मुन्ना भैय्या
अज्जू भाई
जीतू साहू
विनीत: दीपक अग्रवाल,तनवीर शेख, रायपुर (छ.ग.)

# बीज की कीमतों में वृद्धि से खेती हुई महंगी, किसानों को लगा झटका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में किसानों को इस बार खेती करना महंगी हो गया है। राज्य बीज निगम ने बीजों के दामों में बढ़ोतरी कर दी है। पिछले दो सालों की तुलना में बीज के दामों में वृद्धि हुई है। 2023 की तुलना में बीजों की कीमत में लगभग 850 रुपये से अधिक की वृद्धि हुई है। धान के बीज में प्रति क्विंटल 100 से 150 रुपए तक की वृद्धि की गई है, इससे किसानों को झटका लगा है। केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं में प्रावधान अनुसार उत्पादन एवं वितरण अनुदान की राशि को घटाकर बीज विक्रय दर निर्धारित किया गया है। राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम के अधिकारियों ने बताया कि आधार बीजों की विक्रय दरें प्रमाणित बीजों की विक्रय दरों से प्रति क्विंटल 100 रुपए अधिक होगी।

कृषि विभाग द्वारा उत्पादन एवं वितरण अनुदान की राशि प्रावधान अनुसार राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम लिमिटेड को देय होगी। समितियों में खाद बीज का भंडारण हो गया है। नए दाम का निर्धारण किए जाने के बाद उठाव में तेजी आएगी।

- अनाज, दलहन एवं तिलहन बीजों की विक्रय दर निर्धारित

## सोयाबीन का बीज पिछले साले के मुकाबले हुआ सस्ता

### धान बीज की कीमत बढ़ी

राज्य बीज निगम की ओर से हर साल प्रमाणित बीजों का मूल्य निर्धारण किया गया है। मोटा धान बीज की कीमत विगत साल 34 सौ रुपए क्विंटल थी, जिसे बढ़ाकर इस बार 3550 रुपए कर दिया गया है। वर्ष 2023 में इसका दाम 2688 रुपये था। 2023 की तुलना में किसानों को 862 रुपये अधिक देना होगा। वहीं पतला धान बीज की कीमत पिछले साल 3900 रुपए थी। जिसे बढ़ाकर इस साल 4030 रुपये कर दिया गया है। दो साल पहले इसकी कीमत 2882 रुपए थी। सुगंधित धान की बात करें, तो पिछले साल यह 4500 रुपए था, जो इस बार बढ़कर 4650 हो गया है। दो साल पहले यह 3264 रुपए था।



**कोदो में 100 रुपये की वृद्धि :** यही हाल दाल समेत दूसरे बीजों का भी है। दाल के बीजों की कीमतों में भी वृद्धि की गई है। सोयाबीन और उड़द को छोड़कर कोदो, रागी, मूंग, कुल्थी, मूंगफली और तिल के बीजों के दाम सौ से डेढ़ सौ रुपए प्रति क्विंटल तक महंगे हो गए हैं। कोदो के बीज की कीमत पहले 7200 रुपए थी, जिसे बढ़ाकर 7300 रुपए कर दिया गया है। मूंग की कीमत 11200 से बढ़ाकर 11400 और कुल्थी की कीमत 7600 से बढ़ाकर 7750 हो गई है।

**सोयाबीन बीज हुआ सस्ता :** किसानों को इस बार सोयाबीन बीज में राहत मिली है। पिछले दो वर्षों में सोयाबीन के दाम 8200 रुपए तक चले गए थे, इस बार इसकी कीमत को कम कर 7400 रुपए कर दिया गया है। सोयाबीन के दाम में 1200 रुपए की कमी हुई है।

## खबर संक्षेप



### इंडियन फार्मा फेयर का आयोजन कल से

**रायपुर।** इंडियन फार्मा केयर का आयोजन 2 और 3 मई को राजधानी के वीआईपी रोड स्थित हॉटल बेबीलॉन इंटरनेशनल में आयोजित किया जा रहा है। इस 13वें संस्करण में फार्मास्यूटिकल, हर्बल, आयुर्वेदिक, वेलनेस कास्मेटिक और मेडिकल क्षेत्र से जुड़े प्रमुख उद्योग विशेषज्ञ, कंपनियां और व्यवसायी भाग लेंगे। इंडियन फार्मा केयर के डायरेक्टर बीएस भंडारी ने पत्रकार वार्ता में इसकी जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इस प्रदर्शनी के माध्यम से छत्तीसगढ़ की अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी,क्योंकि यह फार्मा कंपनियों और निवेशकों को एक मंच प्रदान करेगा। देश भर की कई कंपनियां अपने उत्पाद और सेवाओं का प्रदर्शन करेंगी। नवाचार और व्यापार को इससे बढ़ावा मिलेगा।

### अभिनेता आमिर खान के खिलाफ छत्तीसगढ़ सिख समाज ने कराया जुर्म दर्ज



**रायपुर।** गुरु नानक फिल्म में आमिर खान द्वारा सिखों के प्रथम गुरु श्री गुरु नानक देव जी का रोल अदा करने और उनकी वेशभूषा, पहनावा की नकल करने के फोटो वायरल होने के बाद छत्तीसगढ़ सिक्ख समाज ने इसका विरोध किया है। छत्तीसगढ़ सिक्ख समाज के एक प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को रायपुर के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक लाल उमेद सिंह की अनुपस्थिति में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक कीर्तन राठौर को आक्रोश पत्र सौंप कर गंभीर धाराओं के तहत जुर्म दर्ज कर गिरफ्तारी करने की मांग की है।

### परिणाम घोषित, पांचवीं में 95.46, आठवीं में 86.93 फीसदी विद्यार्थी पास

**रायपुर।** राज्य सरकार द्वारा आयोजित पांचवीं, आठवीं की केंद्रीय कृत परीक्षाओं के परिणाम बुधवार को घोषित किए गए। जिला शिक्षा अधिकारी डॉक्टर विजय कुमार खंडेलवाल ने बताया रायपुर जिले में पांचवीं के 95.46 फीसदी तथा आठवीं की परीक्षा में शामिल 86.93 प्रतिशत विद्यार्थी सफल हुए। कक्षा पांचवी में कुल 26,152 विद्यार्थी परीक्षा में शामिल हुए, जिसमें से 24,230 पास हुए। वहीं 29,911 विद्यार्थियों आठवीं की परीक्षा दिलाई, जिसमें से 22,774 विद्यार्थी पास हुए।

## 4 चरण में होगा प्रदेश साहू संघ का चुनाव



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ की नई कार्यकारिणी के लिए प्रदेश में चार चरण में चुनाव आयोजित होंगे। यह चुनाव पूरे प्रदेश में 1 मई से शुरू होकर 30 जून तक कराये जाएंगे। इसके लिए राष्ट्रीय अध्यक्ष को पत्र लिखकर पर्यवेक्षक भेजने का आग्रह किया गया है। छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ रायपुर के अध्यक्ष टहल सिंह साहू ने पत्रकार वार्ता में इस बात की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रथम चरण में प्रदेश साहू संघ के सभी ग्रामों के तीन पदाधिकारी जिसमें एक अध्यक्ष और दो उपाध्यक्ष जिसमें एक महिला व एक पुरूष चुने जाएंगे। पत्रकारों से चर्चा करते हुए टहल सिंह साहू ने बताया कि यह चुनाव पूरे प्रदेश में 1 मई से शुरू होकर 30 जून तक कराये जाएंगे। दूसरे चरण में ग्रामीण साहू संघ के निर्वाचित 3 पदाधिकारी परिक्षेत्र साहू संघ के तीन पदाधिकारी का चुनाव करेंगे। परिक्षेत्र का चुनाव 1 जुलाई से शुरू होकर 31 जुलाई तक पूरा होगा। तीसरे चरण में तहसील साहू संघ के तीन पदाधिकारियों का चुनाव 1 अगस्त से 30 अगस्त तक कराया जायेगा।

## रेत माफिया के हौसले बुलंद

# ठेका धमतरी रेत घाट का, धड़ल्ले से रायपुर में किया जा रहा उत्खनन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर जिले की रेत घाटों पर अब दूसरे जिले के माफिया भी रेत का अवैध रूप से उत्खनन कराने लगे हैं। इससे पता चलता है कि रेत माफिया के हौसले किस कदर बुलंद हैं। जिले के अभनपुर क्षेत्र के ग्राम डुलना स्थित घाट में दिन-रात रेत का अवैध रूप से उत्खनन किया जा रहा है, जिससे हर माह राजस्व के रूप में लाखों-करोड़ों रुपए का नुकसान शासन को हो रहा है। सूत्र के अनुसार यहां उत्खनन कराने वाला धमतरी जिले का एक रेत माफिया है, जिसके द्वारा ग्राम चमसुर में भी रेत उत्खनन कराया जा रहा है। इधर खनिज विभाग के अधिकारियों का कहना है कि इसकी शिकायत पहले मिली थी, जिसके बाद टीम को डुलना घाट भेजा भी गया था, लेकिन टीम के पहुंचने से पहले खनन करने वाले फरार हो गए थे। इस मामले में अब दोबारा शिकायत आई है। इसकी जांच कराकर कार्रवाई की जाएगी।



### पोकलेन व चैन माउंटेन मशीन से खनन व लोडिंग

डुलना घाट में एक तो अवैध रूप से रेत का खनन किया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर यहां खनन एवं लोडिंग करने के लिए पोकलेन एवं चैन माउंटेन मशीनों का भी इस्तेमाल किया जा रहा है।

### रायपुर से खनन कर, धमतरी दुर्ग सहित कई जिलों में बिक्री के लिए भेजी जा रही

रायपुर के ग्राम डुलना के अलावा पारागांव, राटाकाट सहित अन्य कई रेत घाटों पर रायपुर के अलावा धमतरी, महासमुंद जिले के माफियाओं द्वारा रेत का अवैध रूप से खनन कर धमतरी, दुर्ग, महासमुंद, बालोद, राजनांदगांव जैसे जिलों में भी रेत बिक्री के लिए भेजी जा रही है।

### हर रोज 100 से अधिक हाईवा निकल रही

रायपुर-धमतरी के बीच गुजरी नदी के दोनों तरफ कई रेत घाट हैं। इनमें ग्राम डुलना घाट रायपुर सीमा क्षेत्र में आता है, वहीं नदी के उस पार ग्राम चमसुर धमतरी जिले में पड़ता है। बताया जा रहा है कि चमसुर में रेत घाट को ठेके पर दिया गया हैं, लेकिन ग्राम डुलना घाट का ठेका नहीं हुआ है। इसके बाद भी डुलना घाट में रेत का अवैध रूप से खनन किया जा रहा है। सूत्रों की मानें, तो डुलना घाट में रेत का खनन कराने का काम चमसुर के ठेकेदार द्वारा ही कराया जा रहा है। बताया जा रहा है कि हर दिन इस घाट से 100 से अधिक हाईवा गाड़ियां रेत निकाली जा रही है।

## घर खरीदते समय रहें सतर्क, केवल 'कार्पेट एरिया' को है कानूनी मान्यता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

घर या फ्लैट खरीदने वाले लोगों को अब सतर्क रहना चाहिए, क्योंकि रियल एस्टेट (विनियमन एवं विकास) अधिनियम, 2016 के अनुसार किसी भी फ्लैट की बिक्री केवल 'कार्पेट एरिया' के आधार पर ही की जा सकती है। इसके बावजूद कई बिल्डर अपने प्रोजेक्ट्स में 'सुपर बिल्ट-अप एरिया' दिखाकर ग्राहकों को भ्रमित कर रहे हैं। कार्पेट एरिया वह वास्तविक उपयोग योग्य फर्श क्षेत्र होता है जो घर के अंदर होता है, जबकि सुपर बिल्ट-अप एरिया में सीढ़ी, बालकनी, कॉरिडोर, लिफ्ट जैसी साझा जगहें शामिल होती हैं। रेरा अधिनियम में सुपर बिल्ट-अप एरिया का कोई कानूनी प्रावधान नहीं है। प्राधिकरण ने स्पष्ट किया है कि प्रमोटर अपने विज्ञापनों, ब्रोशर और अन्य प्रचार सामग्री में केवल कार्पेट एरिया का ही उल्लेख करें। साथ ही, अन्य सुविधाओं का विवरण और मूल्य अलग से स्पष्ट करें। रेरा ने नागरिकों से अपील की है कि वे खरीदारी के दौरान सतर्क रहें और यदि किसी परियोजना में गुमराह करने की कोशिश की जाए, तो इसकी शिकायत छत्तीसगढ़ रेरा में दर्ज करा सकते हैं।

# कंस्ट्रक्शन कंपनी के कलेक्शन एजेंट से साढ़े चार लाख की लूट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

## एक्टिवा सवार तीन बदमाशों ने की लूट

एक्टिवा सवार चार बदमाशों ने कंस्ट्रक्शन कंपनी में काम करने वाले कलेक्शन एजेंट के साथ बुधवार देर शाम साढ़े सात बजे समता कालोनी, कृष्णा एडलैब्स के पास चार लाख 40 हजार रुपए की लूट की।

कलेक्शन एजेंट टीवी टॉवर के पास से कलेक्शन कर लौट रहा था, तब उसके साथ लूट हुई। घटना आजाद चौक थाना क्षेत्र की है। लूट की घटना महावीर शर्मा के साथ हुई है। महावीर ने पुलिस को बताया है कि वह रुपए कलेक्शन कर लौट रहा था। इस दौरान एक्टिवा सवार तीन बदमाशों ने उसे ओवरटेक कर रोका। इसके बाद बदमाश उससे रुपयों से भरा बैग छीन कर फरार हो गए। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस तथा क्राइम ब्रांच की टीम मौके पर पहुंच गई है। घटना स्थल तथा कलेक्शन एजेंट जिस मार्ग से पैसे लेकर आ रहा था, पुलिस बदमाशों की पहचान करने उन मार्गों में लगे सीसीटीवी कैमरों की पड़ताल कर रही है।




बदमाश कलेक्शन एजेंट की एक्टिवा के साथ उसका मोबाइल छीन कर अपने साथ ले गए हैं। बदमाश स्थानीय हैं या बाहरी, पुलिस इस मामले में पड़ताल करने के बाद ही कुछ बता पाने की बात कह रही है।

# पीड़ित ने पुलिस को चोर का पता बताया दो माह बाद भी नहीं हुई गिरफ्तारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

समार्ट पुलिसिंग तथा उसकी सक्रियता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि चोर का पता चलने के बाद भी पुलिस दो माह बाद भी चोर को गिरफ्तार नहीं कर पाई। इतना ही नहीं चोरी के शिकार पीड़ित गैरेज संचालक को चोरी की रिपोर्ट दर्ज कराने एप्रोच का सहारा लेना पड़ा, तब कहीं जाकर पुलिस ने एफआईआर दर्ज की। यह पूरा वक्या डीडीनगर थाना क्षेत्र का है। चोरी के शिकार गैरेज संचालक भिलाई निवासी भूपेंद्र यादव ने दो माह पूर्व 28 फरवरी को चोरी की शिकायत दर्ज कराई थी। भूपेंद्र ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि उसके गैरेज से कोई अज्ञात चोर आए दिन मोटर पार्ट्स सहित अन्य सामान चोरी कर ले जा रहा है। सुरेंद्र के गैरेज में 15 फरवरी से लगातार चोरी की घटनाएं हो रही थीं।



### जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा

गैरेज संचालक की शिकायत पर चोरी की रिपोर्ट दर्ज की गई है। चोर की पतासाजी की जा रही है, जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

- शिव नारायण सिंह
टीआई डीडीनगर थाना

### पता बताने के बाद भी गिरफ्तारी नहीं

सीसीटीवी फूटेज उपलब्ध कराने के बाद भी पुलिस चोर की पतासाजी नहीं कर पाई, तब भूपेंद्र ने अपने माध्यम से चोर के बारे में जानकारी जुटाई और पुलिस को इसकी जानकारी दी। बावजूद इसके पुलिस चोर को अब तक गिरफ्तार नहीं कर पाई। गिरफ्तारी नहीं होने से चोर के हौसले और बुलंद हुए। गिरफ्तारी नहीं होने से चोर रिपोर्ट दर्ज होने के बाद मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात गैरेज में पुनः चोरी करने पहुंचा। चौकीदार के देख लेने की वह से चोर सामान छोड़कर भागने को मजबूर हुआ। भूपेंद्र के अनुसार लगातार चोरी से परेशान होकर उसने अपने पुराने गैरेज के बाजू में किसी दूसरी जगह किराए पर गैरेज लिया है। पुलिस बुधवार को चोर के घर पहुंची थी, चोर के घर पर नहीं होने की वजह से पुलिस चोर के परिजनों को उसके घर आने पर थाना आने बोलकर लौट आई।

# विदेश में एमबीबीएस की पढ़ाई प्रदेश में इंटर्नशिप के लिए मेडिकल कालेजों में सभी की ज्वाइनिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



विदेश में एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी करने और एफएमजी टेस्ट क्लियर करने के बाद मेडिकल कालेज में इंटर्नशिप के लिए 223 छात्रों ने ज्वाइनिंग की प्रक्रिया पूरी की है। इनमें कोरबा में 66 तथा महासमुंद मेडिकल कालेज में इंटर्नशिप की 65 सीटें हैं। चिकित्सा शिक्षा संचालनालय ने प्राप्त आवेदन के आधार पर राज्य के 211 और अन्य राज्यों के 12 छात्रों को सीटों का आवंटन किया था जिस पर ज्वाइनिंग शत-प्रतिशत रही।

- 211 राज्य और 12 अन्य राज्यों के छात्रों को मिली सीटें

राज्य के शासकीय और निजी मेडिकल कालेज में एडमिशन का मौका नहीं मिलने पर प्रदेश से हर साल बड़ी संख्या में छात्र एमबीबीएस की पढ़ाई के लिए विदेश जाते हैं। इन विद्यार्थियों द्वारा पढ़ाई पूरी करने के बाद देश के भीतर प्रेक्टिस करने साथ मेडिकल काउंसिल में पंजीयन के लिए एफएमजी टेस्ट में पास होना पड़ता है। देश में चिकित्सा व्यवस्था की बुनियादी जानकारी के लिए इन्हें शासकीय और निजी मेडिकल कालेजों में इंटर्नशिप करने की सुविधा दी गई है। इसके लिए राज्य के चिकित्सा महाविद्यालयों में आठ सौ से अधिक सीटें हैं। वर्ष 2025 में इंटर्नशिप के लिए राज्य में 223 लोगों ने आवेदन किया था। इस आधार पर चिकित्सा शिक्षा संचालनालय द्वारा आवंटन सूची जारी करने 19 से 30 अप्रैल तक एडमिशन का मौका दिया था। सूत्रों के अनुसार बुधवार की शाम 5 बजे तक शत प्रतिशत लोगों ने एडमिशन की प्रक्रिया पूरी कर ली है। इंटर्नशिप की अवधि के दौरान इन छात्रों को स्टाइपेंड भी प्राप्त होगा।




हम सबके लाडले
श्री बृजमोहन भैया जी
को
जन्मदिन की
हार्दिक बधाई एवं
शुभकामनाएं
1 मई
जीवेत् शरदः शतम्
अमर गिदवानी
पार्षद एवं एमआईसी सदस्य
नगर पालिक निगम, रायपुर
सचिन मेघानी
सिविल लाईन मंडल अध्यक्ष, भाजपा
पार्षद एवं अध्यक्ष जोन क्र. 10
अंबर अग्रवाल
पार्षद - महंत लक्ष्मीनारायण दास
वार्ड क्र. 42
प्रदीप कुमार वर्मा
पार्षद - शहीद वीर नारायण सिंह
वार्ड क्र. 33
बद्रीप्रसाद गुप्ता
पार्षद एवं अध्यक्ष जोन क्र. 6
संतोष साहू
पार्षद एवं एमआईसी सदस्य
तेजू बजाज
अध्यक्ष-कटोरातालाब व्यापारी संघ


छ.ग. पी.डी.एस. संघ रायपुर की ओर से
माननीय
श्री बृजमोहन अग्रवाल जी
(सांसद- लोकसभा रायपुर)
01 मई
को जन्मदिन की
हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
आपके दीर्घायु
एवं स्वस्थ जीवन की
शुभकामनाएं...
नरेश बाफना
अध्यक्ष, छ.ग. पी.डी.एस. संचालक संघ
रायपुर
संजय सिंह
भाजपा नेता
राधेश्याम सेन
विनय बजाज
अभिषेक महाकालकर
प्रहल्लाद यादव
धीरेन्द्र वर्मा
मुन्ना भैय्या
अज्जू भाई
जीतू साहू
विनीत: दीपक अग्रवाल,तनवीर शेख, रायपुर (छ.ग.)